# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार,21 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 348 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ ट्रंप ने खोया अपनों का भरोसा

आगामी फिल्म में वायुसेना पायलट की भूमिका निभा सकते हैं कार्तिक आर्यन ◂◂ 6


## दुमका में डबल मर्डर से सनसनी

# घर में घुसकर वृद्ध दंपत्ति की निर्मम हत्या

### मनसा पूजा मनाने बाहर गया था परिवार



**संवाददाता**

**दुमकाः** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में डबल मर्डर की घटना से सनसनी फैल गई है। चोरकट्टा गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक वृद्ध दंपत्ति की बेरहमी से हत्या कर दी। हमले में ईंट और लकड़ी के पटरे का इस्तेमाल किया गया, जिससे दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं। मृतकों की पहचान नवगोपाल साहा उर्फ मथुरा साहा और उनकी पत्नी बिलु साहा के रूप में हुई है। दंपत्ति घर में अकेले थे,और इस वजह से अपराधियों को आसानी से अपना नापाक इरादा पूरा करने का मौका मिल गया।

घटना का पता बुधवार की देर रात चला, जब मृतक का बेटा अजय साहा अपनी पत्नी और बच्चे के साथ गोड्डा से मानसा पूजा मनाकर लौटा। सोमवार को पूजा के लिए मायके गए थे, और वापस आने पर घर का दरवाजा बाहर से बंद पाया। गैरेज के शटर से अंदर घुसते ही नजारा देखकर परिवार सदमे में आ गया। बेटे की पत्नी दहाड़ मारकर रोने लगी, और अंदर जाकर देखा तो मां का शव बेडरूम के दरवाजे पर खून से लथपथ पड़ा था, जबकि पिता का शव पलंग के नीचे। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस की टीम देर रात गांव पहुंची और जांच शुरू की। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार खुद घटनास्थल पर पहुंचे और स्वान दस्ते को बुलाया। खून से सने ईंट को कुत्ते को सूंघाया गया, तो वह सीधे मृतक के घर से सटे रिश्तेदार के मकान में घुस गया। दोबारा प्रक्रिया दोहराई गई, तो फिर वही घर! इससे पुलिस का शक रिश्तेदारों पर गहरा हो गया है। हालांकि, एसपी ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया और कहा कि जांच चल रही है। रांची से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है, जिसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। मृतक के चचेरे भाई दीपक वरुण साह ने बताया कि मानसा पूजा के चलते पूरा गांव व्यस्त था। सुबह से दंपती को न देखने पर लगा कि वे गमरा गांव प्रसादी खाने गए होंगे। लेकिन शाम को बेटे के लौटने पर ही हत्या का पता चला। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में लखिकुंडी में जमीन बेची गई थी, जिससे मृतक को 15 लाख रुपये मिले थे। संभव है कि लूट के इरादे से आए अपराधियों को दंपत्ति ने पहचान लिया, जिसकी वजह से हत्या कर दी गई। पुलिस अब इस पहेली को सुलझाने में जुटी है- इतनी बर्बरता से हत्या हुई, तो चीखें घर से सटे रिश्तेदारों ने क्यों नहीं सुनीं? नवगोपाल साह हट्टे-कट्टे थे, उन्हें और उनकी पत्नी को काबू में करना दो-तीन अपराधियों के लिए आसान नहीं था। दिन भर न देखने पर रिश्तेदारों ने क्यों नहीं सुध ली? हत्या का समय रात का था या दिन का, यह भी जांच का विषय है। पूजा के चलते गांव के ज्यादातर लोग मंदिर या रिश्तेदारों के यहां थे, जिससे हत्यारों को मौका मिल गया। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा है कि मामले का जल्द उद्भेदन किया जाएगा।

## मानसिक रूप से बीमार बेटे ने माता-पिता और भाई की बेरहमी से की हत्या, हुआ फरार



**नई दिल्लीः** दिल्ली में एक दिल दहला देने वाला ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है, जहाँ एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान प्रेम सिंह (50), उनकी पत्नी रजनी (45) और बड़े बेटे ऋतिक (24) के रूप में हुई है। इस जघन्य अपराध का आरोप परिवार के ही छोटे बेटे सिद्धार्थ (22-23) पर लगा है, जो घटना के बाद से फरार है।

घर के अंदर का खौफनाक मंजरः यह घटना दक्षिणी दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके की है। पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें एक घर में लोगों के खून से लथपथ पड़े होने की जानकारी दी गई। जब पुलिस मौके पर पहुँची, तो घर के अंदर का हश्य देखकर वे हैरान रह गए। प्रेम सिंह और ऋतिक की लाशें पहले फ्लोर पर पड़ी थीं। वहीं, दूसरे फ्लोर पर रजनी की लाश मिली, जिनका मुँह बंधा हुआ था। आरोप है कि सिद्धार्थ ने चाकू से वार करके और ईंट-पत्थर से कुचलकर अपने माता-पिता और भाई को मौत के घाट उतार दिया।

मानसिक रूप से बीमार था आरोपीः पुलिस ने मौके पर एफएसएल और क्राइम टीम को बुलाकर जाँच शुरू कर दी है। शुरूआती पूछताछ में पड़ोसियों ने बताया कि आरोपी सिद्धार्थ का मानसिक इलाज चल रहा था। पुलिस को घर से उसके इलाज के दस्तावेज और दवाइयां भी मिली हैं। इन दस्तावेजों से पता चला है कि पिछले 12 सालों से वह ओसीडी और आक्रामक व्यवहार जैसी मानसिक बीमारियों का शिकार था। पुलिस का मानना है कि परिवार के प्रति लगाव न होने और मानसिक स्थिति ठीक न होने की वजह से उसने इस वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी सिद्धार्थ की तलाश कर रही है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले के बाद केंद्र का बड़ा फैसला, मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा





**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद उनकी सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार, केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह सुरक्षा कवर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा संभाला जाएगा। यह फैसला बुधवार को एक साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री पर हुए हमले के मद्देनजर लिया गया है। इस घटना ने राजधानी में मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया है।

वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले आरोपी राजेश खिमजी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया, जहाँ से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों के चलते आरोपी राजेश को देर रात दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका स्थित एक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया गया था। उसे दिन के समय तीस हजारी अदालत परिसर में पेश नहीं किया गया। पुलिस अब रिमांड के दौरान आरोपी से हमले के मकसद और इसके पीछे किसी संभावित साजिश को लेकर पूछताछ करेगी।

## दनुआ घाटी में तीन बड़े वाहन दुर्घटनाग्रस्त, जीटी रोड पर लगा लंबा जाम



**चौपारणः** हजारीबाग के दनुआ घाटी में कल बुधवार की देर रात तीन बड़े वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर एनएच-02 पर पलट गये। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस के त्वरित प्रयास से दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे चालकों को बचा लिया गया। दो ट्रक और एक कंटेनर के पलटने से आज गुरुवार की सुबह जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल ट्रक चालकों को गाड़ी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सुबह जीटी रोड पर वाहन बीते कई घंटों से जाम में फंसे हुए हैं। दनुआ से लोहाबर तक करीब 7 किलोमीटर गाड़ियों की लंबी जाम लग गयी। प्रशासन

## जम्मू-पठानकोट हाईवे पर दर्दनाक हादसा

## वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं की बस पुल से गिरी, एक की मौत, 40 घायल



**सांबा :** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक बस हादसा हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 40 यात्री घायल हो गए। ये सभी यात्री उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जा रहे थे। जानकारी सामने आई कि यह हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी बस (रजिस्ट्रेशन नंबर- यूपी 81 बीटी 7688), कठुआ से कटरा की ओर जा रही थी। जिला सांबा के जतवाल क्षेत्र में अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए आगे आए और बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को जिला अस्पताल सांबा पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से 8 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एम्स विजयपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एक यात्री ने बताया कि वह अमरोहा आए थे और माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए कटरा जा रहे थे। बस में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। रास्ते में हादसा हुआ, जिसमें लगभग सभी लोगों को चोटें आई हैं। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हुई है।

## चतरा में माओवादियों ने जमकर मचाया उत्पात

## दो वाहनों को किया आग के हवाले, इलाके में दहशत

### लंबे समय के बाद नक्सलियों ने घटना को दिया है अंजाम, क्षेत्र में दहशत का माहौल

**संवाददाता**



**चतराः** लंबे समय के बाद भाकपा माओवादियों ने एक बार फिर जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। बुधवार की देर रात लावालौंग थाना क्षेत्र के लेंबोडीह विशनपुर गांव में नक्सलियों ने उत्पात मचाते हुए संतन गंझू नामक ग्रामीण के दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। संतन पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप है।जलाए गए वाहनों में एक सवारी वाहन व एक ट्रैक्टर शामिल है।जानकारी के अनुसार भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली संतन गंझू के तलाश में पहुंचे थे, जब घर पर संतन नहीं मिला तो घर के बाहर खड़ी दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। साथ ही संतन गंझू के घर व एक अन्य ग्रामीण के घर को बाहर से ताला जड़ दिया। वाहनों को आग के हवाले करते हुए फरार हो गए। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके में छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार भाकपा माओवादी के टॉप कमांडर मनोहर गंझू के दस्ते के द्वारा घटना का अंजाम दिया गया है। बताते चलें कि लंबे समय के बाद भाकपा माओवादियों ने घटना को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाई है। सूत्रों के अनुसार संतन गंझू पर पुलिस को सहयोग देने का आरोप है। उस पर पूर्व में पुलिस को पोस्ता (अफीम) नष्ट करने के दौरान सहयोग दिया गया था। बताया जाता है कि अफीम की खेती को नष्ट करने में उसने पुलिस को ट्रैक्टर भी मुहैया कराया था। कार्रवाई के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कई लोगों को जेल भेजा गया था। इसी मामले में एक युवक हाल ही में जेल से बाहर आया था और उसने नक्सलियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है।

## रेलवे निर्माण स्थल के गड्ढे बने 4 बच्चों के लिए कब्र, पानी में डूबने से मासूमों की दर्दनाक मौत



**यवतमाल :** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ रेलवे निर्माण के लिए खोदे गए एक गड्ढे ने चार मासूम बच्चों की जान ले ली। यह दर्दनाक हादसा दारव्हा-नेर मार्ग के पास निमार्णाधीन रेलवे स्टेशन परिसर में हुआ। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है और निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। मृतक बच्चों की पहचान दारव्हा निवासी रिहान असलम खान (13), गोलू पांडुरंग नारनवरे (10), सोम्या सतीश खडसन (10) और वैभव आशीष बोधले (14) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वर्धा-यवतमाल-नांदेड रेलवे परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। इसी के तहत पुलों के खंभे बनाने के लिए गहरे गड्ढे खोदे गए थे। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण ये गड्ढे लबालब पानी से भर गए थे। सबसे चिंताजनक बात यह थी कि इन खतरनाक गड्ढों के चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा या चेतावनी का बोर्ड नहीं लगाया गया था। दोपहर को ये चारों बच्चे खेलते-खेलते वहां पहुंचे और नहाने के लिए पानी से भरे गड्ढे में उतर गए। उन्हें गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था, जिसके कारण वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।बच्चों को डूबता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया और उन्हें किसी तरह बाहर निकाला।

## भारत के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार ठीक नहीं, अपने ही घर में घिरे ट्रंप, निक्की हेली ने राष्ट्रपति को चेताया



**वाशिंगटन :** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से दोनों देशों के रिश्तों में खटास पैदा हो गई है। इस मामले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने ही देश में आलोचना का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने ट्रंप को चेतावनी दी है कि भारत के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करना अमेरिका के लिए नुकसानदेह होगा। उन्होंने कहा, भारत हमारा दुश्मन नहीं है।

निक्की हेली ने कहा कि चीन का मुकाबला करने के लिए भारत को सहयोगी और लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में देखना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि भारत के साथ संबंधों को तोड़ना अमेरिका के लिए एक रणनीतिक आपदा साबित होगा। पिछले 25 वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं और इस रफ्तार को रोकना खतरनाक कदम होगा।

चीन से निपटने के लिए भारत अहमः हेली ने कहा कि भारत का लोकतांत्रिक उदय कम्युनिस्ट चीन के विपरीत स्वतंत्र दुनिया के लिए खतरा नहीं है। उन्होंने भारत को एक बहुमूल्य लोकतांत्रिक साझेदार बताते हुए कहा कि चीन के मुकाबले भारत के पास अमेरिका को सप्लाई चेन के लिए वैकल्पिक उत्पादन क्षमता उपलब्ध कराने की ताकत है।

भारत की बढ़ती वैश्विक ताकतः अपने लेख में हेली ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा और उसका उदय चीन की महत्वाकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनेगा। जैसे-जैसे भारत मजबूत होगा, चीन की महत्वाकांक्षाएं कमजोर होती जाएंगी।

**रणनीतिक भूल होगी भारत से दूरी :** हेली ने स्पष्ट किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार विवाद को स्थायी दरार में बदलना अमेरिका की बड़ी और टाली जा सकने वाली भूल होगी। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ऐसी स्थिति का चीन तुरंत फायदा उठाएगा। साथ ही, उन्होंने भारत को सलाह दी कि रूसी तेल पर राष्ट्रपति ट्रंप की आपत्तियों को गंभीरता से लेते हुए व्हाइट हाउस के साथ मिलकर समाधान निकाले।

## न्यूज ब्रीफ



### किसानों ने श्रमदान कर की किता नहर की सफाई व मरम्मत

**सिल्ली :** प्रखंड के किता गांव स्थित किता नहर की सफाई व मरम्मत गांव के किसानों ने एकजुट होकर श्रमदान से किया। ज्ञात हो कि सरकारी स्तर पर इसकी मरम्मत नहीं कराए जाने के कारण ग्रामीणों ने स्वयं पहल कर नहर की मरम्मत करने का निर्णय लिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर राशि जुटाई और बुधवार को सुबह से ही नहर का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया और शाम तक पूरा कर लिया। मालूम हो कि करीब आठ किमी लंबे इस नहर से सिल्ली प्रखंड के किता, लोटा, बांधडीह, केंदुआडीह, बड़कीटांड़, सुरगुंजाडीह, खेदाडीह, धादकीडीह आदि के आसपास एक हजार एकड़ जमीन पर पटवन की जाती है. लेकिन, काफी समय से नहर कई स्थानों पर टूटा था और अभी भी नहर का अधिकतर हिस्सा मिट्टी, घास, शैवाल और झाड़ियों से भरा हुआ है। किसानों ने बताया लंबे समय से जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण हम किसानों को नहर का लाभ नही मिल रहा था, अब नहर के चालू हो जाने से क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ खेतों तक पानी पहुंचेगी. और इससे लोग फसल उपज कर खुशहाल बन सकेंगे। मौके पर कार्तिक चंद्र महतो, रवींद्रनाथ मुंडा दशरथ महतो, रामपदो महतो, भृगु महतो ,आशाराम महतो ,उपेंद्र महतो ,दिलीप महतो, मनोज महतो, धुंधा महतो ,खेदुराम महतो ,विनोद महतो, रबी महतो, गंगाधर महतो, नेपाल महतो, राजू महतो, गुहीराम महतो, प्रेमनाथ, हराधन, सरोज, मंगल, रामचरन, गणेश महतो, देवेंद्र महतो, उमेश हजाम, फेकन, उमेश महतो, लंबोदर मुंडा, सनत महतो,समेत कई किसान मौजूद थे।

### आरबी हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 200 लोगों की हुई जांच



**चतरा:** आरबी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर में बुधवार को मरीजों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 200 से अधिक लोग जांच के लिए पहुंचे। शिविर में पेट छाती एवं गैस्टो स्पेशलिस्ट डॉ आदिल शाह व मधुमेह एवं ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ इरफान व आरबी हास्पिटल के वरिय चिकित्सक डॉ टी थॉमस ने मरीजों का इलाज किया। चिकित्सकों ने शिविर में आए मरीजों की स्वास्थ्य जांच किया। जांच के बाद अस्पताल में 15 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाईयां भी दी गई। हॉस्पिटल के निदेशक जीएस राजू व विनय कुमार केसरी ने बताया कि अस्पताल में आम लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक लोगों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि चतरा में आरबी हॉस्पिटल की ओर से समय समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाकर इस तरह का शिविर आयोजित किया जाता है। ताकि बाहर जाकर इलाज कराने में सक्षम नहीं रहने वाले मरीजों को चतरा में ही इलाज किया जा सकें। उन्होंने बताया कि आरबी हॉस्पिटल में भी आयुष्मान योजना के तहत आम मरीजों के लिए इलाज की व्यवस्था है। आयुष्मान योजना के तहत सरकार ने आम मरीजों को पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज की व्यवस्था की है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीजों के हितों को ध्यान में रखकर अस्पताल कैंपस में निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है।

### इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल इंडिया लिमिटेड का एक दिवसीय महाअधिवेशन कल रांची में



**चतरा:** ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ओबीसी इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल इंडिया लिमिटेड का एक दिवसीय महा अधिवेशन 22 अगस्त को झारखंड, रांची में सीएमपीडीआई हॉल में आयोजित की गई है। इस महाधिवेशन में सीसीएल, बीसीसीएल, इसीएल, डब्ल्यू सीएल, एनसीएल, सीएमपीडीआई सहित कोल इंडिया के सभी सब्सिडियरी कंपनी से डेलीगेट शामिल होंगे। महाधिवेशन में आरक्षण,प्रमोशन,रोस्टर,बैकलॉग, विस्थापन, सामाजिक न्याय जैसे अन्य एजेंडा पर विशेष चर्चा - परिचर्चा होगी। इस मौके पर कोल इंडिया अध्यक्ष सह सीसीएल महामंत्री ब्रिज किशोर राम, कोल इंडिया महामंत्री नंदकिशोर मांडलिक व सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीसीएल काउंसिल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि महाधिवेशन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सीएमपीडीआई कोयला हॉल को व्यवस्थित तरीके से सजाया गया है। विभिन्न कंपनियों से आने वाले केंद्रीय पदाधिकारी, प्रतिनिधि साथियों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई है। महाधिवेशन में काउंसिल को सशक्त बनाने सहित कई अहम एजेंडा पर निर्णय लिए जाएंगे।

### एनडीएमए, नई दिल्ली के पदाधिकारियों का खूंटी जिला दौरा



**खूँटी :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नई दिल्ली के उप सचिव (पीजी एंड एजी) अंबुज बाजपेयी, अवर सचिव (जेनरल) सरोज कुजूर, कंसल्टेंट डॉ. वजीम इकबाल ने आज खूंटी जिला का दौरा किया। खूँटी जिला आगमन पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उप सचिव समेत अन्य का स्वागत किया। अपने इस दौरे में उप सचिव, अंबुज बाजपेयी ने समाहरणालय स्थित सभागार में आपदा प्रबंधन से जुड़े जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम प्रेजेंटेशन के माध्यम से खूँटी जिला की भौगोलिक जानकारी, कुल पंचायतों की संख्या, जन संख्या, नदियां, पर्यटन क्षेत्र, आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्य, राहत एवं बचाव कार्य, मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से आए पदाधिकारियों एवं कंसल्टेंट द्वारा आपदा प्रबंधन की तैयारियों, जिला स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उप सचिव ने कहा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर वह विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे है। जिससे राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों को समझकर इसे और बेहतर और प्रभावशाली बनाया जा सके। उप सचिव द्वारा कई आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए गए, जिससे जिले में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इस दौरान स्कूली बच्चों समेत स्थानीय लोगों को जागरूक करने को लेकर भी आवश्यक सुझाव दिए गए। इस बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लाइन डिपार्टमेंट के सभी पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डिजिटली भी स्मार्ट बनेंगे कैडेट्स :अन्नपूर्णा देवी

## सैनिक स्कूल तिलैया के कैडेटों के लिए 26 क्लास रूम में स्मार्ट इंट्रैक्टिव पैनल का लोकार्पण

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** सैनिक स्कूल तिलैया के कैडेटों को डिजिटली स्मार्ट बनने के लिए सभी क्लास रूम में स्मार्ट इंट्रैक्टिव पैनल लगाया गया। वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित यादव ने संयुक्त रूप से रविवार को इसका लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की पहल पर सीसीएल के सीएसआर फंड से राज्य के एक मात्र सैनिक स्कूल तिलैया में डिजिटल स्मार्ट पैनल लगाया गया है। करीबन 70 लाख रुपये की लागत से 26 क्लास रूम में स्मार्ट पैनल लगाए गए हैं। सैनिक स्कूल पहुंचने के बाद अधिकारियों ने बताया सैनिक स्कूल के छात्रों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य डिजिटल क्लास रूम की तकनीक को अपनाया गया है। इससे कैडेटों को विषयों के समझने और सीखने की प्रक्रिया और आसान तथा प्रभावी होगी। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजिटल सुविधा बहाल होने के बाद सैनिक स्कूल के कैडेट न सिर्फ डिजिटली स्मार्ट होंगे, बल्कि उन्हें ऑनलाइन क्लास करने की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल समस्याओं को दूर करने का हमेशा प्रयास करती हूं। नई शिक्षा नीति में डिजिटल स्मार्ट क्लास रूम को वर्तमान समय में सबसे बेहतर विकल्प माना गया है। यहां पढ़ना हर बच्चे का सपना होता है। बच्चे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहें, इस दिशा में सतत प्रयत्नशील हूं। बता दें कि यह देश का सबसे बड़ा सैनिक स्कूल है, जहां अब सैन्य छात्राएं भी दाखिला लेकर पढ़ाई कर रही हैं। सैनिक स्कूल तिलैया में छठी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई होती है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में छात्रों का चयन एनडीए में होता रहा है। इसके अलावा अब तक इस स्कूल के सैकड़ों छात्र रक्षा सेवा के साथ अन्य सेवाओं में उच्च पदों पर तैनात हैं। कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित यादव मौजूद रहे।



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शहीद स्मारक में शहीदों को नमन किया। वहीं प्राचार्य कर्नल आर मोहनराव एस ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया।

## डीवीसी केटीपीएस में सीपीआर ट्रेनिंग, सकेंड्स में जीवन बचाने की तैयारी

# सीपीआर सीखकर आपातकाल में बने मददगारः डॉ परमवीर



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन डीवीसी केटीपीएस सीआईएसएफ परिसर में किया गया था। कार्यक्रम सीपीआर की विशेषताओं, ह्रदय की आपात स्थितियों की पहचान, संबंधित गतिविधियों और परिचालन प्रक्रियाओं पर केंद्रित है. सत्र को डॉ परमवीर कुमार, सीनियर मैनेजर- हेल्थ सर्विसेज, केटीपीएस द्वारा दिया गया था, जिन्होंने अपनी मेडिकल टीम एसएमटी शिल्पी हल्डर और रूपेश कुमार के साथ,सेकंड्स में जीवन बचाने की तैयारी व जीवन- रक्षक तकनीक को सक्रिय रूप से प्रदर्शित किया और समझाया। इस कार्यक्रम को सरोज शाह, इंस्पेक्टर, सीआईएसएफ डीवीसी केटीपीएस द्वारा अच्छी तरह से समन्वित किया गया था। इस दौरान सीनियर मैनेजर- हेल्थ सर्विसेज, केटीपीएस डॉ परमवीर कुमार ने कहा आपातकाल में मददगार बने सीपीआर सीखकर बढ़ाए। जागरूकता और सीआईएसएफ कर्मियों और स्टाफ के सदस्यों से उत्साही भागीदारी देखी गई। प्रशिक्षण ने ह्रदय की आपात स्थितियों के दौरान जीवन को बचाने में सीपीआर के माध्यम से समय पर हस्तक्षेप के महत्व पर प्रकाश डाला और ऐसी महत्वपूर्ण स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए प्रतिभागियों के बीच जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम को लेकर धन्यवाद ज्ञापन टीम डीवीसी केटीपीएस के नवीन कुमार के द्वारा किया गया।

## खूंटी बार एसोसिएशन का एसडीओ के खिलाफ अनिश्चितकालीन बहिष्कार

### सीडीओ दीपेश कुमारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप



संवाददाता

**खूंटीः** खूंटी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सीडीओ दीपेश कुमारी पर अभद्र व्यवहार और वकीलों का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी अदालत का अनिश्चितकालीन बहिष्कार (बायकाट) करने का फैसला लिया है।

यह निर्णय बुधवार को कचहरी परिसर स्थित सभागार में हुई बैठक में लिया गया, जिसमें एसडीओ के रवैये के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया गया।

बैठक में एसडीओ दीपेश कुमारी पर कई गंभीर आरोप लगाए गए। अधिवक्ताओं का आरोप है कि वह न केवल वकीलों के साथ, बल्कि उनके मुवक्किलों के साथ भी दुर्व्यवहार करती हैं। उन पर यह भी आरोप लगाया गया कि वह स्वयं को आईएएस अधिकारी बताकर रौब जमाती हैं और कानूनी प्रक्रिया की परवाह किए बिना मनमाना व्यवहार करती हैं। अधिवक्ताओं ने शिकायत की कि एसडीओ कोर्ट में काम के दौरान अभद्र भाषा और अपशब्दों का इस्तेमाल करती हैं, जिससे वकीलों का गंभीर अपमान होता है।

इन सभी शिकायतों के मद्देनजर, बैठक में एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। खूंटी बार एसोसिएशन ने एसडीओ दीपेश कुमारी की कोर्ट का तब तक पूर्ण बहिष्कार करने का फैसला किया है, जब तक कि उनके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की जाती।

इस बहिष्कार को सख्ती से लागू करने के लिए बार एसोसिएशन ने एक चेतावनी भी जारी की है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई भी अधिवक्ता एसडीओ की अदालत में किसी मामले की पैरवी करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे बार एसोसिएशन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया जाएगा।

इस मामले ने खूंटी की न्यायिक व्यवस्था में एक गंभीर संकट पैदा कर दिया है। एसडीओ कार्यालय में लंबित सैकड़ों मामलों का निपटारा प्रभावित होने की आशंका है। अब देखना यह है कि प्रशासनिक स्तर पर इस विवाद को सुलझाने के लिए कोई पहल होती है या नहीं। एसडीओ दीपेश कुमारी की ओर से अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## हंटरगंज पुलिस की अवैध शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी करवाई

# भारी मात्रा में नकली शराब का स्टीकर,केमिकल सहित अन्य सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

संवाददाता

**चतराः** जिले के हंटरगंज थाना पुलिस ने अवैध नकली शराब निर्माण कार्य के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शराब,निर्माण में उपयोग किए जाने वाले ढक्कन, स्टीकर, केमिकल सहित अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में तस्कर अशोक साव पिता स्व. बढ़ो साव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर थाना क्षेत्र के बोडामोड़ गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर करवाई की गई है।हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोड़ा मोड़ के जंगल में अवैध शराब का निर्माण की सूचना के आधार पर सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक एसआईटी टीम




गठित की गई।इस टीम का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा कर रहे थे। गठित दल के द्वारा छापामारी के क्रम में हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोडा मोड़ के आगे जंगल में छुप कर अवैध नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण किया जा रहा था। जिसमें अभियुक्त अशोक साव, पिता-बाढ़ो साव, ग्राम-बोड़ा मोड़, थाना हंटरगंज जिला-चतरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।इसमें संलिप्त फरार अभियुक्त के विरुद्ध भी सघन छापामारी की जा रही है।

इस सम्बंध में हंटरगंज थाना कांड संख्या- 140/25 दिनांक- धारा- 318(4)/274/ 275/3(5) बीएनएस एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में पुलिस।जुट गईं है। नकली शराब एवं अन्य सामान बरामदः इम्पिरियल ब्लू कंपनी का 07 कार्टुन प्रत्येक कार्टुन में 48-48 पीस 180 एमएल, रॉयल स्टेग कंपनी का 03 कार्टुन प्रत्येक कार्टुन में 24-24 पीस 375 एमएल, बी- 7 कंपनी का 01 कार्टुन 24 पीस 375 एमएल, ब्लेंडर्स प्राइड कंपनी का 05 कार्टुन प्रत्येक कार्टुन में 24-24 पीस 375 एमएल, इम्पिरियल ब्लू, रॉयल स्टेग, बी-7, ब्लेंडर्स प्राइड कंपनी का स्टीकर, इम्पिरियल ब्लू, बी-7, ब्लेंडर्स प्राइड कंपनी का ढ़क्कन, 02 बोरी, शराब का खाली बोतल, 01 स्टील का टोटी लगा ड्रम, 02 पानी डब्बा, 05 लीटर के डब्बा में कैमीकल, स्पलेण्डर मोटरसाईकिल जेएच 13 एल-7416 स्कुटी- जेएच 13के-7995, प्लसर मोटरसाईकिल जेएच 10 बीएम- 809, वीवो तथा ओपो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। छापामारी टीम में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पु०अ०नि० नितेश कुमार प्रसाद, पु०अ०नि० विर बहादुर सिंह, थाना के सशस्त्र बल एवं चालक शामिल थे।

### पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी हवलदार को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतराः** सदर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी पुलिस हवलदार सुखदेव प्रसाद मेहता को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।हवलदार हजारीबाग जिला इचाक थाना क्षेत्र के बरवा गांव का रहने वाला है। वह जमानत के लिए कोर्ट परिसर आया था। इस दौरान इसकी सूचना पुलिस को मिल गई। पुलिस ने कोर्ट मोड़ के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय हवलदार ने एक नाबालिग को गुलाब का फूल व प्रेम पत्र के साथ अपना मोबाइल नंबर थमा दिया था। यह घटना जुलाई 2025 में बालिका हाई स्कूल चतरा में वस्तनिया व फोकानिया परीक्षा के दौरान हुई थी।सुखदेव मेहता परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात थे।हवलदार के इस हरकत के बाद नाबालिग ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने सदर थाना पहुंच कर आवेदन दिया।आवेदन के आलोक में पुलिस ने थाना कांड संख्या 236/25 के तहत पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया था। तब से हवलदार फरार चल रहा था। छापामारी टीम में महिला पुलिस अवर निरीक्षक फिरदौस नाज व अन्य जवान शामिल थे।

# जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

संवाददाता

**चतराः** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावशीलता पर गहन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योजनाओं के सुगम क्रियान्वयन, लाभुकों तक समुचित लाभ पहुंचाने, जमीनी स्तर पर कार्यों की गति एवं लंबित बिंदुओं के समाधान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

मातृ वंदना योजना में लापरवाही पर कड़ा निर्देशः बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने हंटरगंज एवं प्रतापपुर प्रखंड के सीडीपीओ को क्षेत्र भ्रमण कर लाभुकों तक योजना का लाभ सुनिश्चित कराने एवं कार्य में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए।

ई-केवाईसी कार्य में तीव्रता लाने पर बलः बैठक में फेशियल रिकॉग्निशन आधारित ई-केवाईसी कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने लंबित ई-केवाईसी शिविरों को शीघ्र संचालित करने तथा आवश्यकतानुसार पुनः कैंप आयोजित करने हेतु जिला सूचना पदाधिकारी को निर्देशित किया।




**सेविकाओं की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानीः** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 70% से कम कार्य निष्पादन करने वाली सेविकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा तथा उनके मानदेय वृद्धि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सेविकाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु अनुशासनात्मक कार्रवाई से भी परहेज नहीं किया जाएगा।

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर विशेष जोर :** बैठक में निर्देश दिया गया कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के आवेदन पत्र समयबद्ध रूप से संकलित कर संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएँ। साथ ही, कक्षा 8 से 12 तक अध्ययनरत सभी पात्र बालिकाओं को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर पंजीकृत कर संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया।

**समर अभियान एवं कुपोषण पर प्रभावी पहलः** उपायुक्त ने समर अभियान अंतर्गत ग्रोथ मॉनिटरिंग को वैज्ञानिक एवं सटीक तरीके से अद्यतन करने तथा कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सखी वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा एवं सुधार पर चर्चाः** बैठक में सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता, परामर्श एवं संरक्षण उपलब्ध कराने हेतु सेंटर की कार्यशैली को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, समर अभियान के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक शंभू बड़ाईक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जिले की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# छात्रा से टीचर का 73 पेज का अश्लील चैट

## कभी फोटो भेजने को कहता, कभी वीडियो कॉल पर आने को, तीन सदस्यीय टीम पहुंची स्कूल

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के रातू रोड़ स्थित श्रद्धानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय में छात्राओं को अश्लील बातें लिखकर परेशान करने वाले आरोपी शिक्षक का कारनामा अब खुलकर सामने आ गया है। डीएसई के नेतृत्व में जांच करने स्कूल पहुंची तीन सदस्यों की जांच कमेटी को शिक्षक का 73 पेज का अश्लील चैट मिला है। चैट में लगातार छात्रा टाल-मटोल करते हुए सामान्य बातें करने का



प्रयास कर रही है, लेकिन आरोपी शिक्षक इमोशनल तरीके से अश्लीलता के साथ अपनी बात मनवाने का प्रयास कर रहा है। आरोपी शिक्षक कभी छात्रा से फोटो भेजने को कहता है तो कभी वीडियो कॉल कर आने को कहता है। हालांकि छात्रा अपने घर में आसपास लोगों के रहने की बात कह टाल-मटोल करती है। फिर भी शिक्षक अपनी हरकत से बाज नहीं आता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज के निर्देश पर गठित की गई जांच टीम में ओरमांझी की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, बोड़ेया मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार और बिजुलिया मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश मिश्रा को शामिल किया गया है। पूरे मामले में टीम गुरूवार को जिला शिक्षा अधीक्षक को रिपोर्ट सौंप देगी। मालूम हो कि रातू रोड़ स्थित स्कूल की छात्राओं ने शिक्षा सचिव को गुमनाम पत्र भेजकर स्कूल के एक शिक्षक अभिषेक कुमार सिन्हा पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। एक छात्रा को होटल के कमरे में भी ले जा चुका है। पूरे मामले की जानकारी मिलते ही रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने संज्ञान लेते हुए एक्स पर डीईओ और डीएसई को जांच के निर्देश दिए हैं।

# संत पॉल्स कॉलेज में नये विद्यार्थियों का स्वागत

संवाददाता

रांचीः संत पॉल्स कॉलेज में बुधवार से डिग्री कोर्स में नामांकित विद्यार्थियों (सत्र 2025-28) की कक्षाएं शुरू हुई। आज सुबह नौ बजे कॉलेज में नये विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ अनुज कुमार तिग्गा ने स्वागत किया। कहा कि आप जिस लक्ष्य के साथ आये हैं, उन्हें ईश्वर का स्मरण करते हुए पूरा करें। उन्होंने कहा कि कॉलेज में शिक्षकों के मार्गदर्शन, सहयोग और अनुशासन विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देगा। इससे पूर्व फिजिक्स की प्रो ओमेगा राय ने विद्यार्थियों को ईश्वर की अगुवाई



व संरक्षण में सौंपा। आटर्स की एचओडी डॉ सीमा तालान ने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों की जानकारी दी। संचालन परीक्षा विभागाध्यक्ष डॉ बिमल कुमार साहु ने किया।

## शैक्षणिक संस्थानों में साइबर खतरों का मूल्यांकन : पायलट अध्ययन में खुलासा

# संस्थागत साइबर लचीलापन निर्माण के लिए तत्काल और निरंतर पहल की सिफारिश

मेट्रो रेज

**रांची :** भारत के उच्च शिक्षा संस्थान साइबर अपराधियों के निशाने पर हैं। वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था साइबरपीस के पायलट अध्ययन में खुलासा हुआ है कि केवल 9 माह (जुलाई 2023 से अप्रैल 2024) में देशभर में दो लाख से अधिक साइबर हमले और करीब चार लाख डेटा उल्लंघन दर्ज हुए। अध्ययन में 8,000 से ज्यादा यूनीक यूजरनेम और 54,000 से ज्यादा यूनीक पासवर्ड ब्रूट फोर्स हमलों में इस्तेमाल होते पाए गए, जिनमें '123456' और 'पासवर्ड' जैसे बेहद कमजोर पासवर्ड भी शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत साइबर सुरक्षा वाली वैश्विक संस्थाओं की तुलना में भारतीय संस्थान पांच गुना अधिक संवेदनशील हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए साइबरपीस ने डेलनेट के सहयोग और गूगल।ऑर्ग के समर्थन से साइबर




फर्स्ट रेस्पॉन्डर इनिशिएटिव की शुरूआत की है, जिसके तहत छात्रों, शिक्षकों, पुस्तकालयकर्मियों और स्टाफ को साइबर खतरे, डीपफेक और एआई के दुरुपयोग से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो। (डॉ) जीएस बाजपेयी, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली ने कहा, असली मजबूती परिस्थितियों के अनुसार बदलाव में है। हर साइबर अपराध के पीछे डर और नुकसान की मानवीय कहानी होती है, जिसे सम्मान के साथ दूर करना जरूरी है।

डॉ संगीता कौल, निदेशक, डेलनेट ने कहा, साइबर सुरक्षा एक ऐसी शुरूआत है जिसका कोई अंत नहीं है। सहयोग से ही स्थायी बदलाव संभव है।

विनीत कुमार, संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष, साइबरपीस ने चेताया, साइबर सुरक्षा के बिना डिजिटलीकरण दरवाजे और ताले के बिना घर बनाने जैसा है। ऐसे हालात में हमले, डीपफेक, फिशिंग और संवेदनशील डाटा की चोरी होना तय है।

रिपोर्ट में संस्थागत स्तर पर मजबूत पासवर्ड नीति, प्रशिक्षित साइबर फर्स्ट रेस्पॉन्डर और बेहतर डिजिटल ढांचे को तत्काल लागू करने की सिफारिश की गई है।

## प्रेम प्रसंग में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

**रांची:** राजधानी रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र इलाके में प्रेम प्रसंग में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पिठोरिया के सुतियाआंबे गांव में पत्नी पर पति की हत्या का आरोप है। ग्रामीणों ने मृतक के पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## नावाडीह निवासी पूर्व शिक्षक द्वारिका प्रसाद चंद्रवंशी का निधन

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड नावाडीह क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को स्कूल से जोड़ने एवं शिक्षा का दीप जलाने वाले शिक्षक द्वारिका प्रसाद चंद्रवंशी के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गयी है. हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के गेंजना पंचायत के नावाडीह निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारिका प्रसाद की 75 वर्ष की उम्र में प्रतापपुर स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया।वे कई साल से हृदय रोग व गैस रोग से ग्रस्त थे।

# परमात्मा का पर्यायवाची है सत्य : आरएन सिंह

मेट्रो रेज

**रांची:** सत्य शब्द परमात्मा का पर्यायवाची है। वहीं, सच का विपरीत शब्द झूठ है। सच और झूठ में आसमान और जमीन का अंतर है। इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। सत्य के आजीवन उपासक रहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी सत्य को परमात्मा का ही स्वरूप मानते हुए कहा था कि सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है। उनके कहे इस वाक्य को आत्मसात कर हम जीवन पथ पर निर्विघ्न अग्रसर रह सकते हैं। सत्य की अनुभूति ज्ञान योग है और उसे जीवन में आत्मसात करना कर्मयोग है। सत्य रूपी समुद्र में गोते लगाते रहना ईश्वर के प्रति भक्ति का भी प्रतीक है। उक्त बातें गुरुवार को एचईसी परिसर के सेक्टर तीन (धुर्वा) स्थित आवास संख्या बी-277 निवासी धार्मिक-आध्यात्मिक कथा वाचक रवींद्र नाथ सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य की ही जीत होती है, असत्य की नहीं। सत्य को स्थापित होने में भले ही थोड़ा समय लगता है, लेकिन जीत का ताज हमेशा सत्य के सिर की ही सजता है। उन्होंने कहा कि सत्य सदैव धर्म और न्याय के मूल्यों पर टिका होता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे देश में सत्यमेव जयते आदर्श वाक्य को लोग स्वीकार करते हैं। इसकी महत्ता समझते हैं।

श्री सिंह ने कहा कि सत्य के संबंध में संत कबीरदास की वाणी ₹सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप, जाके हृदय सांच है ताके हृदय आप₹ काफी प्रचलित है। संत महापुरुषों ने भी सत्य के मार्ग पर चलने की सलाह दी है। वहीं, हमारे



धर्म ग्रंथो में भी सत्य का मार्ग सर्वश्रेष्ठ मार्ग बताया गया है। सत्य की सवारी पर यात्रा करने से भले ही यात्री को कुछ पल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़े, लेकिन एक न एक दिन यात्रा सफल होती है और मंजिल भी हासिल होती है। उन्होंने बताया कि राजा हरिश्चंद्र और धर्मराज युधिष्ठिर भी अपने जीवन में अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करते हुए, कष्ट सहते हुए भी सत्य से तनिक भी नहीं डिगे। सदियों बाद आज भी सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र और धर्मराज युधिष्ठिर का नाम लोग सत्यवादी शिखर पुरुष के रूप में लेते हैं। सत्य के उपासक को क्षणिक कष्ट भले ही हो, लेकिन दूरगामी परिणाम अच्छा होता है।

हमारे धार्मिक ग्रंथ महाभारत में भी सत्य को स्वर्ग का मार्ग बताया गया है। शास्त्रों के मुताबिक सत्य को सृष्टि का मूल तत्व मानते हुए यह कहा गया है कि यह कभी भी न तो बदलता है और न ही नष्ट होता है। उन्होंने बताया कि सत्य के तत्व को ब्रह्म या परमात्मा भी कहते हैं। सत्यवादी व्यक्ति को कभी यह नहीं सोचना या बताना पड़ता है कि उसने कब, कहां और क्या कहा था। वहीं,दूसरी तरफ असत्य (झूठ) बोलने वाले को अनेक प्रकार की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो झूठ बोलने वाले की स्थिति असहज भी हो जाती है।

सत्य का स्वरूप कभी नहीं बदलता है। सत्य सभी का एक समान होता है, जबकि झूठ अलग-अलग प्रकार के होते हैं। श्री सिंह ने कहा कि एक बार सच बोलना कई बार झूठ बोलने से हमें बचाता है। इसलिए सत्य के मार्ग पर हमेशा चलने की कोशिश करे ताकि परेशान होना न पड़े। इसलिए सत्य का मार्ग अपनाएं और अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर अग्रसर होते रहें।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), उत्तर–पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा (खुली निविदा – एकल पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्याः** EL-C-G-JU-Q6-25-26-T02 **कार्य का नाम स्थान सहितः** Provision of VRF AC unit in station building/Auto hut and Electrical wiring work in staff quarter of type II, Type III & Type IV in connection with doubling project of Luni-Samdari-bhildi section over jodhpur division. **कार्य की अनुमानित लागतः** रूपये 98068347.45/– **जमा की जाने वाली बयाना राशिः** रूपये 640300.00/– **ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 18.09.2025 को 15.00 बजे तक। **वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती हैः** www.ireps.gov.in कार्यालय ई–मेल का पताः dyceecju@gmail.com

1030-PM/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन का गठन



संवाददाता

**रांची:** राज्य में रक्त विकार से पीड़ित मरीजों के हक में झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन का गठन किया गया। इसके पूर्व पुरुलिया रोड स्थित सत्य भारती सभागार में एक परिचर्चा हुई। बड़ी संख्या में थैलेसीमिया, सिकल सेल, अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने भाग लिया। अध्यक्षता फादर जस्टिन तिर्की ने की। इस दौरान पीड़ितों की ओर से ब्लड नहीं मिलने, उपयुक्त दवा, जांच और ब्लड लेने में समस्या के बारे में बताया गया। लहू बोलेगा की ओर से नदीम खान ने बताया कि झारखंड भर के रक्तदान संगठनों के समन्वय द्वारा स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को इन परेशानियों को लेकर तीन बार अवगत कराया गया। 23 मई, 26 मई और 17 जून 2025 को प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात भी की, मगर स्थिति जस की तस बनी हुई है। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन रांची का गठन हुआ, जिसमें संयोजक टीम में देवकी देवी, सीमा देवी, संजय टोप्पो, रीना मुंडा, नीलम देवी सहित 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडाई, सीमा देवी, कृष्ण महली, अनिमेष बाड़ा, सविता देवी, लक्ष्मी देवी, अनिता तिग्गा, बसंती कच्छप, सुनीता कच्छप, सरिता देवी सहित कई अन्य शामिल थे।

## राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने मोहा मन

**चतराः** शहर के दीभा स्थित इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विद्यालय के विशाल सभागार में राधा-



कृष्ण साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाटिका खंड के 186 व शिशु मंदिर खंड के 240 ,कुल 426 भैया बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार सिंह,जिला पार्षद सदस्य निशा कुमारी,डॉ शोभा कुजूर,पिंकी सिंह,सोनल सुमन, रविकांत कुमार व पिंकी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से लड्डू गोपाल कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में विभिन्न गीतों पर नृत्य व नाट्य कला की अद्भुत व मनमोहक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। माखन खाते कृष्ण,वंशीधर कृष्ण,राधा रूप धारण किये कृष्ण व राधा कृष्ण जोड़ी में बेहतर साज सज्जा के आधार पर विजेता प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दुसरी ओर नन्ही नन्ही राधा व कृष्ण अपने - अपने बाल परिधानो से अलंकृत वेश में सबका मन मोह रहे थे। तो वही शिशु मंदिर की ओर से प्रस्तुत कृष्ण सुदामा एकांकी ने उपस्थित लोगों के दिल को जीत लिया।अतिथि परिचय हिंदी के वरीय आचार्या माला सिन्हा ने किया।विषय प्रवेश कराते हुए आचार्या रवि प्रभा ने कहा इस तरह के आयोजन के माध्यम से बच्चे श्री कृष्ण के जीवन से परिचित होंगे और उनके जीवन से प्रेरणा लेंगे।मुख्य अतिथि जिला पार्षद सदस्य निशा कुमारी ने कहा कि कृष्ण की तरह खुद को बनाइए जरूरत पड़ने पर बासुरी छोड़ सुदर्शन चक्र उठा लीजिए। विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय अध्यक्ष संतन पांडेय ने श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा आज जरूरत है उनके बताए गए आर्दशों को आत्मसात करें।मंच संचालन आचार्या शिवानी कुमारी एवं रवि प्रभा ने संयुक्त रूप से किया।

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) कैथा, रामगढ**
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड,रॉची के पत्रांक–सं0सं0 –5 प्रशि0 (प्रशि0)–02/2023–869, दिनांक–20/08/2025 के अनुपालन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) कैथा रामगढ में चल रहे व्यवसाय (i) **Lift & Escalator Mechanic Trade .Fashion Design & Technology Trade.** एवं **Solar Technician (Electrical) Trade** में NCVT सिलेबस के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु घंटी आधारित Remuneration पर Guest Faculty रखे जाने के लिए तालिका के कॉलम–4 में अंकित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।

1.

| Sl.No | Name of Post For trade | No.of post | Qualificationand Experience |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Guest faculty for trade - Lift & Escalator Mechanic | 01 (One) | B.Voc/Degree in Electrical/ Electrical and Electronics Engineering from AICTE/UGC recognized engineering college/ university with one year experience in the relevant field. OR 03 years Diploma in Electrical/ Electrical and Electronics Engineering from AICTE/ recognized board of technical education or relevant advanced Diploma (Vocational) from DGT with two years experience in the relevant field. OR NTC/NAC passed in the Trade of "Lift and Escalator Mechanic" with 3 years experience in the relevant field. **Essential Qualification:** Relevant Regular / RPL variants of National Craft Instructor Certificate (NCIC) under DGT. |
| 2 | Guest faculty for trade - FashionDesign &Technology | 01 (One | B.Voc./Degree (4 yrs duration) in fashion Designing/ Technology from UGC Recognized university with one year Experience in the relevant field OR B.Voc./Degree (3 yrs duration) in fashion Designing/ Technology from UGC Recognized university with two year Experience in the relevant field OR Three year Diploma in fashion Designing/ Technology/ CDDM from recognized board of education or relevant Advanced Diploma (Vocational) from DGT with Two Years' Experience. OR NTC/NAC passed in Fashion design & technology (earlier name of trade as "Fashion Technology" with three years' experience in the relevant field. **Essential Qualification:** Relevant Regular / RPL variants of National Craft Instructor Certificate (NCIC) under DGT. Note: Out of two Instructors required for the unit of 2(1+1), one must have Degree/Diploma and other must have |
| 3 | Guest faculty for trade - Solar Technician (Electrical) | 01 (One) | B.Voc/Degree in Electrical/ Electrical and Electronics Engineering from AICTE/UGC recognized Engineering College/ university with one-year experience in the relevant field. OR 03 years Diploma in Electrical/ Electrical and Electronics Engineering from AICTE/recognized board of technical education or relevant Advanced Diploma (Vocational) from DGT with two years' experience in the relevant field. OR NTC/NAC passed in the Trade of "Solar Technician (Electrical)" With three years experience in the relevant field. **Essential Qualification:** Relevant Regular / RPL variants of National Craft Instructor Certificate (NCIC) under DGT. NOTE: Out of two Instructors required for the unit of 2(1+1), one |

2 अभ्यर्थी झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी अनिवार्य है।

3 Guest facultyको घंटीआधारित निम्नवत Remuneration प्रदान किया जायेगा:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | First hours of Teaching Of CTS Course Rs-200/ | Rs. 200/- | पारिश्रमिक राशि निम्न शर्तो के साथ देय होगा:– (क) प्रतिदिन अधिकतम रु–500/– (पाँच सौ) मात्र देय होगा। (ख) एक महीना मे अधिकतम 20 दिन कार्य दिवस होगा। अर्थात एक महीना में अधिकतम रु. 10,000/– (दस हजार) |
| 2 | Secoundhours of Teaching Of CTS Course Rs-150/ | Rs 150/- | |

उपरोक्त वर्णित अर्हता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी निम्न पते पर निबंधित डाक /स्पीड पोस्ट/हाथो–हाथ, दिनांक–15/09/2025 अपना आवेदन निम्न पते पर भेजा या जमा किया जा सकता है–

पत्राचार का पता–

**PRINCIPAL INCHARGE. GOVT.ITI KAITHA (LWE) RAMGARH. POST-KAITHA.P.S + DISTT.-RAMGARH. PIN-825101. JHARKHAND**

4.विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग के **Website:- https://iti.jharkhand.gov.in/itis/GR20LWE016/index.aspx** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) कैथा, रामगढ़।

PR 359976 Labour Employment and Traning(25-26)D

# राणी सती दादी का भादो बदी अमावस्या 23 अगस्त को

## श्री सती दादी को दुर्गा का अवतार व नारी शक्ति का प्रतीक माना जाता है: संजय सर्राफ

मेट्रो रेज

रांचीः श्री राणी सती दादी जी का भादो बदी अमावस्या 23 अगस्त शनिवार को मनाया जायेगा। विशेष रूप से शनिवार होने के कारण इसे शनिश्चरी अमावस्या भी कहा गया है, इस दिन पितृ तर्पण, पिंडदान, व्रत और दान की परंपराएं गहराई से जुड़ी हुई है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि भादी मावस मारवाड़ी समाज का प्रमुख त्योहार है जो कि सांस्कृतिक शक्ति, मातृत्व और साहस की प्रतिमूर्ति की पूजा के लिए भी विशेष महत्वपूर्ण है। राजस्थान के झुंझुनू दादी मंदिर के अलावा पूरे देश के राणी सती दादी मंदिर में इस दिन



विशेष महोत्सव और भव्य पूजा का आयोजन होता है। सनातन धर्म में अमावस्या को स्नान- दान के लिए शुभ माना जाता है। इस पूजा का पितरों के संदर्भ में बहुत महत्व है। इस दिन महिलाएं एवं पुरुष दादी जी की मंदिरों एवं अपने-अपने घरों में विधिवत पूजा करते हैं। तथा पितरों को धोक एवं दादी जी की जात दी जाती है। पूजा में रोली, मोली, मेहंदी, चावल, नाल जोड़ी काजल, चूड़ी, सिंदूर, नारियल, गट, प्रसाद, दीपक, कलश, चढ़ाने के लिए रुपया, मीठा पूड़ा, घूघरे डिजाइन का पूड़ा,पूड़ी बनाते हैं। एक साफ पाटे पर रोली की सथिया बनाते हैं, दीपक जलाते हैं तथा तेरह रोली, चावल, मेहंदी, काजल की टिकी देते हैं।

राणी सती दादी का वास्तविक नाम नारायणी है। कहा जाता है कि महाभारत युद्ध में चक्रव्यूह में वीर अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस समय उत्तरा को भगवान श्री कृष्ण ने वरदान दिया था कि तू कलयुग में नारायणी के नाम से सती दादी के नाम में विख्यात होगी। और हर किसी का कल्याण करेगी और पूरी दुनिया में पूजी जाएगी, इसी वरदान के स्वरूप श्री सती दादी जी आज लगभग 715 वर्ष पूर्व मंगल 1352 ईस्वी में सती हुई थी।

श्री राणी सती दादी का जन्म संवत 1638 कार्तिक शुक्ला नवमी को डोकवा गांव में हुआ था। परम आराध्या दादी जी के प्रताप उनके वैभव और अपने भक्तों पर निःस्वार्थ कृपा बरसाने वाली मां नारायणी सती दादी को मारवाड़ी समाज की कुलदेवी भी माना जाता है। तथा नारी शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इष्ट देवी के रूप में श्री राणी सती दादी देवी दुर्गा का अवतार है। इस मान्यता के चलते माता के प्रतिरूप को त्रिशूल स्वरूप में प्रतिष्ठापित किया गया है।

दादी का मंदिर स्त्री सम्मान ममता और स्त्री शक्ति का प्रतीक है। भाद्रपद अमावस्या का दिन पितृ पूजन आत्म शुद्धि व्रत और दान से जुड़ा हुआ है। लेकिन जब यह दिन श्री रानी सती दादी जी की कथा से संगठित होता है, तो यह साहस, मातृत्व, स्त्री शक्ति और आध्यात्मिक बल का एक अमूल्य संदेश प्रस्तुत करता है यह हमें प्रेरित करता है कि जीवन में धर्म, निर्णय, त्याग और नैतिकता का मार्ग कभी न छोड़े।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले से जेड सुरक्षा में सेंध,

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान हमला गंभीर और चिंताजनक घटना है। इससे न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी में समूची सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अगर मुख्यमंत्री के कड़े सुरक्षा घेरे की परवाह किए बगैर कोई व्यक्ति इस तरह की हरकत कर सकता है, तो आम आदमी खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करेगा। हालांकि, कहा जा रहा है कि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मगर, सवाल यह है कि वह मुख्यमंत्री के इतने करीब कैसे पहुंच गया? सुरक्षाकर्मी उसके नापाक इरादों को पहले क्यों नहीं भांप पाए? यह कोई साजिश थी या फिर कुछ और, इसका पता तो जांच-पड़ताल के बाद ही चल पाएगा, लेकिन इस घटना को सुरक्षा में चूक की नजर से देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री पर हमला बुधवार सुबह उस समय हुआ, जब वे सिविल लाइंस स्थित अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुन रही थीं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने मुख्यमंत्री को पहले कुछ कागजात दिए और फिर अचानक उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें हाथ, कंधे और सिर में चोटें आई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। सुरक्षा के इतने मजबूत घेरे के बावजूद आरोपी मुख्यमंत्री के इतने करीब पहुंच गया कि हमला कर सके।

आरोपी गुजरात के राजकोट का निवासी है और पुलिस का दावा है कि उस पर पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चाकू से हमले के दो और आबकारी अधिनियम के तहत तीन मामले शामिल हैं। यही नहीं, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी दो दिन पहले दिल्ली आया था और उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में रुका था। उसने हमले से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय परिसर की रेकी भी थी। सीसीटीवी फुटेज में इसके प्रमाण मिले हैं। यानी पुलिस का खुफिया तंत्र भी आरोपी की इन गतिविधियों का समय रहते पता लगाने में विफल रहा। इसे सुरक्षा में लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा। इस घटना को दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में ले जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से भी जोड़ा जा रहा है। आरोपी की मां का दावा है कि उनका बेटा पशु प्रेमी है और वह कुत्तों से बहुत प्यार करता है। कुत्तों को आश्रय स्थलों में भेजने की प्रक्रिया से वह आहत था और अपना विरोध जताने के लिए दिल्ली आया था। अब सवाल यह है कि कानूनी दायरे में रह कर विरोध जताने के कई तरीके हैं, फिर उसने मुख्यमंत्री पर हमले की वारदात को अंजाम क्यों दिया? क्या इसके पीछे कोई सोची-समझी साजिश थी, पुलिस इस पहलू से भी छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि जिस तरह हमला किया गया, वह जानलेवा भी हो सकता था। इससे इस घटना की गंभीरता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि आखिर राजधानी में सुरक्षा इंतजामों में इतनी लापरवाही क्यों हो रही है। अपराधियों में कानून का खौफ क्यों नहीं रहा। उनके हौसले क्यों बुलंद हो रहे हैं? जब तक इसकी जड़ में नहीं जाएंगे, तब तक कानून व्यवस्था में सुधार की उम्मीद धुंधली ही रहेगी।

## पानीगढ़ चंडीगढ़

सिटी ब्यूटीफुल के एक हिस्से में, जो जमकर बदरा बरसे, उसे देख अमंगल सी आहट हुई। देश के जिस नियोजित शहर की पहले कस्में खाई जाती थीं। जिसकी जल निकासी व्यवस्था की मिसालें दी जाती। जिसकी खूबसूरती को लेकर तमाम गीत लिखे गए। वहां कुछ घंटों की बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। वहां पानी में कारें डूबती नजर आईं। सड़कों पर जाम नजर आए। कई अंडरपास लबालब थे। राहगीर सोचने लगे आखिर चंडीगढ़ कैसे आशिकी करेगा? दुहाई दी गई कि शहर में मध्यमार्ग के पूर्वी हिस्से में 35 एमएम की बारिश से हाल-बेहाल हुए। कहा गया कि दिन में तापमान बढ़ने से अधिक नमी के बीच लोकल क्लाउड बना और अप्रत्याशित बारिश हुई। लेकिन सवाल यह है कि फ्रांसीसी वास्तुकार ली कॉर्बूजिए की योजनाएं क्यों विफल हुई? हर साल जो वॉटर ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के टेंडर दिए जाते हैं, उससे जलनिकासी का संकट क्यों दूर नहीं हुआ? दलील दी जा रही हैं कि पानी का प्रवाह अप्रत्याशित था,जो ड्रेनेज सिस्टम की क्षमता से अधिक था। सवाल यह है कि जब पूरे देश में ग्लोबल वॉर्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बदलाव साफ नजर आ रहा है, तो उसके मद्देनजर तैयारियां क्यों नहीं की गई? सवाल है कि दो राज्यों व एक केंद्रशासित प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ में बैठी अधिकारियों की फौज क्यों आने वाले समय की चुनौतियों के मुकाबले के लिए रीति-नीतियां तैयार नहीं करती? हमें कल की नहीं, परसों के हिसाब से नीतियां बनाने की जरूरत होती है। विदेशों में पचास-सौ साल के लक्ष्य निर्धारित करके योजनाएं बनती हैं। मगर हम इस मामले में फिसड्डी नजर आते हैं। विडंबना है कि हाल के वर्षों में सिटी ब्यूटीफुल कहे जाने वाले चंडीगढ़ के लोक-प्रशासन में वो संवेदनशीलता अधिकारी वर्ग में नजर नहीं आ रही है, जो इसकी विशिष्टता को बनाए रख सके। जगह-जगह सड़कों की हालात खराब है। तमाम स्थानों पर सड़कों पर पैच लगे हैं,ऐसा पहले नहीं दिखता था। निस्संदेह, चंडीगढ़ के शासन-प्रशासन में कहीं तो खोट है, जो शहर देश में स्वच्छ व खूबसूरत शहरों की दौड़ में लगातार पिछड़ता जा रहा है। यही वजह है कि अब सिर्फ बोर्डों में सिटी ब्यूटीफुल नजर आता है। देश के इस पहले नियोजित शहर में इतनी अपार संभावनाएं हैं कि देश में यह साफ-सफाई, जल-निकासी व खूबसूरती में हमेशा अव्वल आ सकता है। लेकिन न तो शासन-प्रशासन के स्तर पर और ना ही स्थानीय नगर निगम के स्तर पर कोई ऐसी मुहिम चली है। नागरिक स्तर पर कोई बड़ा अभियान नहीं चला है। कमोबेश, यही स्थिति कचरे के निस्तारण को लेकर भी है। इसमें दो राय नहीं कि चंडीगढ़ जनसंख्या के दबाव से घिरा है। कमोबेश यह स्थिति सारे देश में है। वहीं चंडीगढ़ के आसपास के इलाकों में अधिकृत व अनधिकृत निर्माण तेजी से हुए हैं। जिससे पानी निकासी के जो प्राकृतिक रास्ते थे, वे भी अवरुद्ध हुए हैं। वहीं नियोजन के स्तर पर आसपास की बस्तियों में जल निकासी को प्राथमिकता नहीं दी गई है। तेजी से बदलते वैश्विक मौसमी परिदृश्य में किसी शहर में अप्रत्याशित तरीके से भारी बारिश की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। हाल के वर्षों में रेगिस्तान के इलाके में बाढ़ और बर्फबारी की खबरें आती रही हैं। कुशल शासन-प्रशासन का यही फर्ज होता है कि बुरी से बुरी परिस्थितियों के मद्देनजर विकास योजनाओं का नियोजन करे। यह संकट साल-दर-साल और गहराएगा। कहीं भी बादल फटने जैसी स्थितियां बन सकती हैं। किसी भी मौसम में अतिवृष्टि की स्थितियां पैदा हो सकती है। ग्लोबल वॉर्मिंग को लेकर दुनिया के देशों का जैसा रवैया है, उसके मद्देनजर आने वाले दशक में किसी तरह पर्यावरण अनुकूलन की स्थितियां बनती नजर नहीं आ रही हैं। ऐसे में हमें हर अतिवृष्टि-अनावृष्टि की परिस्थितियों के लिये तैयार रहने की जरूरत है। यहां जरूरत इस बात की है कि सिटी ब्यूटीफुल के नागरिक भी जागरूक बनें और ब्यूटीफुल कदम उठाने में भूमिका निभाएं। यह शहर हमारे साझे प्रयासों से अपनी आन-बान-शान बनाए रख सकता है। हम सजग प्रहरी के नाते शासन-प्रशासन को चेताते रहें कि सिटी ब्यूटीफुल की अस्मिता कैसे बरकरार रखी जा सकती है।

# ट्रंप ने खोया अपनों का भरोसा

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकियों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा। राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरू किया है

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों का क्या निर्णय होगा या युद्ध कब तक समाप्त होगा या सहमति के हालात बनेंगे या नहीं- पर एक बात साफ हो गई है कि अमेरिका के लोगों को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकियों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा। राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरू किया है उससे ट्रंप ने स्वयं के साथ अमेरिका की फजीहत ही अधिक कराई है। विश्व का दादा बनने के प्रयास में ट्रंप और अमेरिका दोनों की साख में तेजी से गिरावट आई है। ट्रंप-पुतिन मुलाकात के बाद भी साफ हो गया है कि कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है और भले ही जेलेंस्की को ट्रंप ने चर्चा के लिए अमेरिका बुलाया हो और बातचीत भी हुई हो पर लब्बोलुबाव यही रहेगा कि इस मुलाकात के बाद अमेरिका की हेठी साफ दिखाई दे ही रही है। इससे पहले जेलेंस्की और ट्रंप की गत मुलाकात के समय जिस तरह से अमेरिका की हेठी हुई वह भी सबके सामने है। भले पुतिन-जेलेंस्की मुलाकात को राजी हो गये हों पर सीजफायर भी हो गया तो वह स्थाई सीजफायर होगा, इसमें पूरी तरह से संदेह है। इन हालातों में प्यू रिसर्च द्वारा हाल ही किये गये सर्वे में जो परिणाम सामने आये हैं वह इसके पीछे की तस्वीर साफ करते हैं। 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकियों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो फिर देखा जाए तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकियों का तो ट्रंप पर अब बिलकुल भरोसा नहीं रहा है। देखा जाए तो दुनिया के देश तो ट्रंप की बेजा हरकतों से परेशान हैं ही वहीं अमेरिकावासियों को भी अमेरिका का भविष्य कोई अच्छा संकेत देता नहीं लग रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के एक के बाद लिए गए फैसलों ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया है। ट्रंप की हर धमकी हवा हवाई बनकर रह गई है। इसके साथ ही ट्रंप द्वारा कही जाने वाली बात कब तक रहेगी इस पर भी दुनिया के लोगों को संदेह होने लगा है। टैरिफ वार सामने हैं। टैरिफ के नाम पर देशों को धमकाना ज्यादा नहीं चल सकता, यह अमेरिका को समझना होगा। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उलटा मोदी को मजबूत बनाने का काम ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया है। इससे पहले जिस तरह से कनाडा को अपना 51 वां राज्य कहना दादागिरी का बड़ा नमूना है। भारत-पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सीजफायर करने के दावे की पोल खुल चुकी है। देखा जाए तो ट्रंप तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देशों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच, देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और गत बैठक के दौरान व्हाइट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाइट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे तो दूसरी ओर अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं। हालांकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा-धमकाकर समझौता करना चाहता है। यही कारण है कि समझौते के प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस -यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़ कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये। भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं पर चाहे रुस यूक्रेन युद्ध हो, चाहे इजरायल हमास या फिर भारत-पाक, ट्रंप एक्सपोज हो गए हैं। इससे रुस और पुतिन का विश्व राजनीति में उभार का अवसर मिला है वहीं दुनिया के देशों की कोरोना व अन्य नीतियों के कारण चीन के प्रति बनी सोच में भी बदलाव आने लगा है। इसके साथ ही दुनिया के देशों में आज भारत की छवि भी बदलाव आया है और भारत को सशक्त और दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम देश के रुप में देखा जाने लगा है। टैरिफ वार के नाम पर भारत को धमकाना और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ लंच करने से अमेरिका और ट्रंप दोनों की साख नकारात्मक रुप से प्रभावित हुई है। ट्रंप के सलाहकारों को यह समझाना होगा कि डराने-धमकाने या दादागिरी का समय नहीं रहा। छोटे- से-छोटा देश अपनी अस्मिता के लिए लंबा संघर्ष करने में पीछे हटने या झुकने वाला नहीं है। रुस-यूक्रेन युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है। ट्रंप को अपनी हैसियत बनाये रखनी है तो उसे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा नहीं तो वह अपने देश में ही बदनामी के शीर्ष पर पहुंच जाएगा। ट्रंप को अपने पराये की पहचान करनी होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# लोकप्रियता नहीं, आदर्श ही जीवन की दिशा तय करते हैं

आज सोशल मीडिया पर सितारे अपनी फिल्मों, फैशन या जीवनशैली से करोड़ों फॉलोवर बटोरते हैं। मगर क्या उनकी चमक हमारे जीवन के अंधेरे को मिटा सकती है? क्या उनकी जीवनशैली को फॉलो करना हमारे लिए व्यावहारिक है? क्या उनका दिखाया गया रास्ता हमारे भविष्य को सुरक्षित कर सकता है? शायद नहीं।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

आज का युग सोशल मीडिया का युग है। यहाँ हर व्यक्ति कहीं न कहीं किसी का फॉलोवर है और किसी न किसी का आदर्श चुनता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि आखिर हम किसे फॉलो कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं। करोड़ों फॉलोअर्स वाले लोग अक्सर केवल एक या दो को ही फॉलो करते हैं। यह संकेत देता है कि असली प्रेरणा संख्याओं से नहीं बल्कि चयन से आती है। जैसे पानझगुटखा बेचने वाला व्यक्ति विज्ञापन में लाखों लोगों को खाने की प्रेरणा देता है, लेकिन खुद उस जहर को नहीं छूता। इसका अर्थ यही है कि जो सामने दिख रहा है, वही सच्चाई नहीं होता। जो हमें प्रेरणा देने का दावा करते हैं, उनके जीवन में वही मूल्य हों, यह जरूरी नहीं।

हमारे समाज में फॉलो करने की संस्कृति नई नहीं है। पहले के समय में लोग गुरुओं को, विचारधारा को या अपने आदर्श नायकों को फॉलो करते थे। परन्तु तब यह चयन गहरी समझ और अनुभव के आधार पर होता था। आज की डिजिटल दुनिया में यह चयन अक्सर केवल बाहरी चमकझदमक, लोकप्रियता, दिखावटी लाइफ स्टाइल और आकर्षण पर आधारित हो गया है। लाखों की भीड़ किसी व्यक्ति को फॉलो करती है, लेकिन यह नहीं सोचती कि वह व्यक्ति वास्तव में समाज को क्या दे रहा है। क्या उसका जीवन दूसरों के लिए उदाहरण है, या केवल मनोरंजन और व्यर्थ का समय खर्च करने का साधन। यही सबसे बड़ा प्रश्न है जिस पर हर व्यक्ति को विचार करना चाहिए। हमारे शहीदों और महापुरुषों ने कभी भी लोकप्रियता के लिए त्याग नहीं किया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ जैसे वीरों ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित किया। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि उन्हें कितने लोग फॉलो कर रहे हैं, बल्कि उनका ध्यान केवल इस पर था कि उनकी प्रेरणा से कितने लोग सही मार्ग पर चलें। उनके आदर्श ही असली प्रेरणा हैं जिन्हें हमें फॉलो करना चाहिए। आज सोशल मीडिया पर सितारे अपनी फिल्मों, फैशन या जीवनशैली से करोड़ों फॉलोवर बटोरते हैं। मगर क्या उनकी चमक हमारे जीवन के अंधेरे को मिटा सकती है? क्या उनकी जीवनशैली को फॉलो करना हमारे लिए व्यावहारिक है? क्या उनका दिखाया गया रास्ता हमारे भविष्य को सुरक्षित कर सकता है? शायद नहीं। क्योंकि जो व्यक्ति अपने जीवन में आराम, विलासिता और दिखावे को ही सर्वोपरि मानता है, वह आम आदमी के संघर्षों को कभी समझ ही नहीं सकता। उनके संदेश हमारे जीवन को दिशा नहीं दे सकते, केवल मनोरंजन भर कर सकते हैं। इसके उलट हमारी संस्कृति हजारों वर्षों से हमें सिखाती रही है कि असली आदर्श वही है जो हमारे जीवन को उपयोगी दिशा दे। गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर संघर्ष में हमें प्रेरणा देता है। उपनिषद् हमें ज्ञान की ओर ले जाते हैं, विवेकानंद हमें आत्मविश्वास देते हैं, गांधी हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, डॉ. भीमराव अंबेडकर हमें समानता और अधिकारों का बोध कराते हैं। यह सभी व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनका अनुसरण करना न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे समाज के लिए लाभकारी है। सोचने की बात यह है कि हम किसे अपना नायक बना रहे हैं। एक फर्जी लाइफस्टाइल दिखाने वाला सेलिब्रिटी या अपने प्राण न्यौछावर कर देने वाला शहीद? वह व्यक्ति जो केवल मनोरंजन करता है या वह महापुरुष जो हमारी आत्मा को झकझोरता है और हमें कर्मठ, साहसी और जागरूक बनाता है। फॉलो करना केवल बटन दबाने का नाम नहीं है। फॉलो करना मतलब है किसी की सोच, उसके विचारों और उसके जीवन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना। अगर हम किसी ऐसे व्यक्ति को फॉलो करते हैं जिसकी जीवनशैली खोखली है, तो हम भी धीरे-धीरे उसी खोखलेपन का हिस्सा बन जाते हैं। लेकिन अगर हम किसी महान व्यक्तित्व को फॉलो करते हैं, तो हमारे जीवन में भी उनकी महानता की झलक दिखाई देने लगती है। आज के समय में युवाओं के लिए यह सबसे बड़ा चैलेंज है कि वे किसे अपना आदर्श मानें। दुनिया दिखावे की ओर भाग रही है, परन्तु हमें यह तय करना है कि हम दिखावे के पीछे भागेंगे या असली मूल्यों को अपनाएँगे। हमें यह समझना होगा कि असली स्टार वही है जो हमारे अंधेरों में रोशनी लेकर आए, न कि वह जो केवल चमकते मंच पर रोशनी में दिखे। जब हम भारतीय शहीदों और संस्कृति को फॉलो करते हैं, तो हम न केवल अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं। संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन का लक्ष्य केवल भोग नहीं बल्कि त्याग और सेवा है। शहीद हमें सिखाते हैं कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं। इनसे प्रेरणा लेने का अर्थ है अपने जीवन को सार्थक दिशा देना। याद रखिए, भीड़ हमेशा सही दिशा में नहीं जाती। कभी-कभी भीड़ अंधेरे में भी दौड़ती है। समझदार वही है जो सोचकर तय करे कि उसे किस दिशा में जाना है। अगर करोड़ों लोग किसी को फॉलो कर रहे हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह व्यक्ति महान है। महान वही है जो बिना फॉलोवर के भी अपने जीवन से दूसरों को प्रेरणा देता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि हम अपने चयन पर गंभीरता से विचार करें। किसी को फॉलो करने से पहले यह प्रश्न अवश्य पूछें कि क्या यह व्यक्ति मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है? क्या इसकी प्रेरणा मेरे समाज और देश के लिए उपयोगी है? क्या इसकी दिशा मुझे आगे बढ़ने में मदद करेगी? अगर उत्तर हाँ है, तो निःसंकोच उसे फॉलो करें। और यदि उत्तर नहीं है, तो भले ही उसके लाखोंझकरोड़ों फॉलोवर हों, हमें साहसपूर्वक उसे अनदेखा करना चाहिए।

फॉलो करना केवल व्यक्तिगत चयन नहीं है, यह समाज की दिशा भी तय करता है। यदि एक पीढ़ी गलत आदर्शों को फॉलो करेगी तो उसकी आने वाली पीढ़ियाँ भी उसी दिशा में भटकेंगी। और यदि एक पीढ़ी शहीदों और संस्कृति को फॉलो करेगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ भी उन्हीं मूल्यों से प्रेरित होंगी। यही वह शक्ति है जो राष्ट्र को मजबूत बनाती है। अंत में यही कहना उचित होगा कि जीवन में आदर्श चुनते समय आँखें बंद नहीं करनी चाहिए। पानझगुटखा बेचने वाला खुद गुटखा नहीं खाता, यह सच हमें चेताता है कि दिखावे और वास्तविकता में बड़ा अंतर होता है। सोशल मीडिया पर चमकते चेहरे हमेशा सच्चाई नहीं होते। असली सच्चाई हमारे शहीदों के बलिदान में, हमारी संस्कृति की गहराई में और हमारे महापुरुषों की शिक्षाओं में है। तो सोचिए, आप किसे फॉलो कर रहे हैं। क्योंकि आपका चयन ही आपके जीवन की दिशा तय करता है। भीड़ का हिस्सा बनने से बेहतर है कि सही रास्ते का यात्री बनें। और सही रास्ता वही है जो हमारे भारतीय शहीदों, संस्कृति और महान परंपरा की ओर ले जाता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अघोर चतुर्दशी व्रत पर विशेष व्रतों का है विधान

आज अघोर चतुर्दशी व्रत है, इस दिन भगवान शिव के अघोर रूप की पूजा होती है। अघोर चतुर्दशी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। अघोर चतुर्दशी व्रत से शक्तियों की सिद्धि होती है और पितृ प्रसन्न होते हैं तो आइए हम आपको अघोर चतुर्दशी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। हिन्दू पचांग के अनुसार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अघोर चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस व्रत का देश और देश के बाहर विशेष महत्व रहा है। तंत्र शास्त्र से संबंधित कार्यों में भी इस दिन की विशेषता प्रमुख रही है। अपने नाम के स्वरुप ही यह समय कठोर साधना एवं शक्ति सिद्धि प्राप्ति का समय होता है। इस चतुर्दशी को कई जगहों पर ड्गयाली भी कहा जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से दो दिनों तक मनाया जाता है, पहला दिन छोटी अघोर नाम से पुकारा जाता है और दूसरा दिन बड़ी अघोर चतुर्दशी कहलाता है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार अघोर चतुर्दशी को अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन व्रत रखकर, भगवान शिव की पूजा करके, पितरों के लिए श्राद्ध और तर्पण करके अघोर चतुर्दशी मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव के अघोर रूप की पूजा की जाती है, जो कि तांत्रिकों और अघोरियों के लिए विशेष महत्व रखती है। अघोर चतुर्दशी पर पितृों की पूजा और श्राद्ध करने का भी विधान है। अघोर चतुर्दशी को सिद्धियों की प्राप्ति के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन व्रत और पूजा-पाठ करने से सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्राप्ति होती है। अघोर चतुर्दशी हिमाचल के अलावा उत्तराखंड, असम, सिक्किम और नेपाल में भी मनाई जाती है। इस दिन कुशा को धरती से उखाड़कर एकत्रित करके रखना शुभ माना जाता है। इस दिन व्रत, स्नान, दान, जप, होम और पितरों के लिए भोजन, वस्त्र आदि देना उतम रहता है। शास्त्रों के हिसाब से इस दिन प्रातःकाल में स्नान करके संकल्प करें और उपवास करना चाहिए। कुश अमावस्या के दिन किसी पात्र में जल भर कर कुशा के पास दक्षिण दिशा कि ओर अपना मुख करके बैठ जाएं तथा अपने सभी पितरों को जल दें, अपने घर परिवार, स्वास्थ आदि की शुभता की प्रार्थना करनी चाहिए।

**देश के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाता है अघोर चतुर्दशी पर्व**

अघोर चतुर्दशी का पर्व हिमाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, उत्तराखंड, बंगाल और नेपाल में मनाया जाता है। इस दिन को अघोर साधकों के लिए विशेष माना जाता है। भगवान शिव को इससे संबंधित माना जाता है। विशेष रूप से इस दिन दुर्वा को विशेष रूप से पृथ्वी से उखाड़कर रखना होता है जो विशेष रुप से बहुत फलदायी माना जाता है। अघोर चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, ध्यान और पूजा पाठ करने का विधान होता है।

## टिप्स

### वेट लॉस के लिए डेली रूटीन में शामिल करें ये आदतें

आजकल की बिजी लाइफस्टाइल में वजन कम करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। लेकिन छोटी और आसान आदतों को अपनाकर आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं। अगर आपके पास भी जिम जाने का समय नहीं है और स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं कर पाते हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप बड़े बदलावों की जगह छोटी और आसान आदतों को अपनी डेली रूटीन में अपनाकर वेट को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं। एक हेल्दी दिनचर्या सिर्फ वेट लॉस तक ही सीमित नहीं है। यह आपके पूरे स्वास्थ्य और एनर्जी लेवल को बेहतर बनाती है। खासकर सुबह की शुरूआत सही तरीके से करने से बॉडी का मेटाबॉलिज्म तेज होता है और पूरे दिन कैलोरी बर्न करने में भी मदद करता है, साथ ही वेट लॉस की प्रक्रिया को गति देता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ सरल और प्रभावी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप कुछ ही दिनों में सकारात्मक असर देख सकते हैं।

**नींबू पानी** : सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से वजन कम होता है। यह प्रभावी और पुराना नुस्खा है। नींबू पानी आपके शरीर को हाइड्रेट करता है और पाचन तंत्र सक्रिय करता है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। नींबू में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जोकि विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायता करता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई गई

**साहिबगंज :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित,राजीव गांधी की 81वीं जयंती 20 अगस्त 2025 को जिला कांग्रेस कमिटी साहिबगंज द्वारा बंगाली टोला स्थित पार्टी कार्यालय में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई।इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति दिए गए उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम में मो कलीमुद्दीन,बासुकीनाथ यादव,उमेश कुमार पांडे अजय कुमार यादव,मो रिजवान,मो सलाउद्दीन,जमुना दास, मनीष प्रताप,महेंद्र पासवान,अली कुरैशी,देवराज सिंह,मो साबित,मो सहाबुद्दीन,कार्तिक साह,सादिक अंसारी,मो असफाक,मो रियाज,सतीश कुमार पासवान,सब्दुल आलम,मो अल्ताफ आलम,गणेश मंडल,सागर मंडल,दिलीप पासवा,बरबन चौधरी एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सूर्या को दी गई श्रद्धांजलि

**साहिबगंज :** बोरियो प्रखंड परिसर में झारखंड मजदूर संघ प्रजा०की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि ग्रुप में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।बैठक मे संगठन को मजबूत करने और सदस्यता शुल्क को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।साथ ही बोरियो,पतना और राजमहल प्रखंड कमेटियों को भंग करने का निर्णय लिया गया और जल्द ही इनका पुनर्गठन किया जाएगा।बैठक में दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बोरियो विधानसभा के समाजसेवी नेता सूर्य नारायण हांसदा उर्फ सूर्या को श्रद्धांजलि देने के लिए 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया।बैठक के सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए संगठन ने आगे भी मजदूरों के हित में काम करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,जिला अध्यक्ष मिथुन यादव,इमाम विश्वास,जावेद अख्तर और फूल कुमारी देवी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।अनुमंडलीय कार्यालय स्थित अपने कक्ष में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बीती संध्या में पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थाना कांड संख्या 26,25 का अप्राथमिकी आरोपी महादेवगंज,पूरब टोला निवासी राजा यादव उर्फ राजकुमार यादव 20 अपने घर के बगल में स्थित डीला मोड़ निवासी शिवजी यादव के घर के पास बैठा है।उसके पास हथियार भी हो सकता है।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापामारी टीम गठित कर पूरब टोला महादेवगंज स्थित डीला मोड़ निवासी शिवजी यादव के घर के पास से राजा यादव उर्फ राजकुमार यादव को पकड़ कर पूछताछ की गई। वहीं उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया।इस मामले में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 81,25 दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, सअनि चंचल कुमार,केशव मालाकार आरक्षी जितेंद्र कुमार यादव,सूरज मुर्मू व अन्य थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन

**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना अंतर्गत बरहरवा प्रखंड प्रखंड संसाधन केंद्र के माध्यम से प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, बरहरवा में किया गया ।जिसमें बालक एवं बालिका आयु वर्ग 14, 17 तथा 19 वर्ष के लिए कबड्डी, खो खो, फुटबॉल, रस्साकस्सी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल समेत अन्य खेलो का आयोजन किया गया। प्रखंड से चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लेंगे।इस अवसर पर प्रखंड बीपीओ सुनील टुडू सभी बीआरपी, बरहरवा प्रखंड के उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षक चंद्रकांत गौतम ,खुर्शीद आलम ,सुजीत मलिक , लूसी कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा।

## थाना में आवेदन देकर अपहरण कर लूटने की शिकायत दर्ज

**साहिबगंज :** पाकुड़ जिला के युवक ने नगर थाना में आवेदन देकर अपहरण कर लूटने की शिकायत दर्ज कराई है। पाकुड़ जिला के चाचकी पृथ्वी नगर निवासी रतन रविदास ने दिए आवेदन में बताया कि उसके ससुर किडनी पेशेंट हैं। उनका इलाज भागलपुर से चलता है। 19 अगस्त को तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर,नया टोला निवासी कुलदीप कुमार दास के साथ अपने बीमार ससुर की दवाई लेकर भागलपुर से लोकल ट्रेन से रात 8:30 बजे साहिबगंज स्टेशन उतरा।इसके बाद महाराजपुर जाने के लिए बाहर निकल टेम्पू स्टैंड पहुंचा।इस बीच 5-6 अज्ञात लोगों ने उन्हें डरा कर चुपचाप बाइक पर बैठा लिया। उक्त लोग उन दोनों को पहाड़ व जंगल की तरफ लेकर पहुंचा।जहां उन लोगों ने लात-घूंसों और बेल्ट से उनके साथ मारपीट की।इसके बाद उसके गले से 5 भर चांदी का हार,सोना की अंगूठी, पोको कंपनी का मोबाइल और पर्स छीन लिया।फिर पैसा मंगाने के लिए बोला। तब उसने अपने परिचित महाराजपुर निवासी सागर रविदास को फोन कर इसकी सूचना दी।उसने रात 11:43 बजे रुपये नेल्सन जॉन बास्की नाम के सकैनेर पर भेजा एवं उसके फोन-पे से 5100 रुपया लिया।इसके उनकी आंखों पर पट्टी बांध कर उन्हें झरना कॉलोनी, रेलवे लाइन के निकट पोखर के पास बाइक संख्या जेएच 04 ऐसी 9903 से लाकर छोड़ दिया।फोन मांगने पर फिर मारपीट की और फिर सभी भाग गए। इसके बाद किसी तरह रेलवे स्टेशन पहुंचे।वहां के सीसीटीवी फुटेज से सारी जानकारी मिल सकती है।पीड़ित ने मामले की जांच-पड़ताल कर फोन व पैसों की बरामदगी व उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## वाटर बॉडीज के जीर्णोद्धार को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वाटर बॉडीज के जीर्णोद्धार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 17 तालाबों के जीर्णोद्धार को लेकर चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने पुरानदाहा तालाब के चले रहे कार्यों के अलावा मानसरोवर तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही 15वें वित्त आयोग मद से 12 तालाबों और अमृत भारत योजना के तहत तीन तालाबों का कायाकल्प किया जायेगा। 15वें वित्त आयोग से जिन नौ तालाबों का जीर्णोद्धार होगा, उनमें सुरा तिलौला, गुगलीडी, रानी महल, संथाली, पुरंदाहा, चांदपुर, बसुआडीह, सत्संग तथा चक्र मिश्रबांध तालाब शामिल हैं। वहीं अमृत भारत योजना के तहत जिरोलिया तालाब, चौबे बांध और छत्तीसी तालाब को संवारने का कार्य किया जायेगा। साथ ही इन तालाबों की सफाई, मिट्टी कटाई, सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य किया जायेगा।

# दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

### जिला कार्यकारिणी की बैठक में दी गई आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता

**साहिबगंज/पतना :** झामुमो जिला कार्यकारिणी साहेबगंज की बैठक झामुमो क्षेत्रीय कार्यालय पतना में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह के अध्यक्षता में कि गई।वही मंच संचालन जिला सचिव सुरेश टुडू ने किया।बैठक में मुख्य रूप से संगठन मजबूती की चर्चा,संगठन विस्तार की चर्चा पर जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष, एवं सभी नगर अध्यक्ष अपने प्रखंड व नगर के विषय में संगठन की स्थिति को बताया एवं दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही साथ श्रद्धांजलि दी गई। वही जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि




पार्टी संगठन को मजबूत बनाना है,साथ ही प्रखण्ड विस्तार भी किया जाना है,जिससे प्रखण्ड और पंचायत और मजबूत होगा।सभी झामुमो पदाधिकारी अनुशासन में रहकर ही कार्य करें।किसी भी प्रकार के दिक्कत आने पर जिला समिति से संपर्क करें।उन सभी समस्याओं का समाधान स- समय किया जायेगा।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजय गोस्वामी,केंद्रीय समिति सदस्य संजीव सामू हेंब्रम,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा,सुरेंद्र यादव,केंद्रीय समिति सदस्य राजाराम मरांडी,केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर रहमान,अखलाकुर रहमान,जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर नजरुल इस्लाम,जिला परिषद अध्यक्ष सह जिला कार्यकारिणी सदस्य मोनिका किस्कु,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती हाँसदा,सचिव संगीता जिला युवा सचिव मो मारूफ उर्फ गुड्डू, जिला कार्यकारिणी सदस्य बारीक शेख,जेम्स किस्कु,नसीम अंसारी,जंग बहादुर सिंह,प्रखण्ड अध्यक्ष बर्नाड मरांडी,जिला युवा उपाध्यक्ष देव सोरेन,मो अली,एजाज अंसारी,घीसु शेख,प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मरांडी,सचिव गफ्फार अंसारी,मंडल मरांडी,शकील अहमद,प्रखण्ड अध्यक्ष सुबोध सोरेन, महफूज अंसारी,जलेबी सिंह,प्रखण्ड अध्यक्ष जेम्स,मो मुस्तकीम,साहेबगंज प्रखण्ड अध्यक्ष अमरदीप सिंह,नगर अध्यक्ष आदित्य कुमार,प्रखण्ड अध्यक्ष अयुब सेख,प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल गफुर, स्मित चौरसिया,नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो,वारिस अनवर जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव नगर अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद थे।

## कर्मचारियों के प्रशिक्षण और सेवा पुस्तिका के नियमित अपडेट पर दिया जोर : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अनुकम्पा समिति के समक्ष विभिन्न विभागों से प्राप्त सभी आवेदनों की क्रमवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों–आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक कागजातों की गहन जांच की गई। जिन आवेदकों के दस्तावेज पूर्ण एवं संतोषजनक पाए गए, उन्हें अनुकम्पा के आधार पर एक माह का प्रशिक्षण प्रदान कर विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित करने का निर्णय लिया गया। वहीं, जिन आवेदनों में दस्तावेजों की कमी पाई गई, उन्हें अगले बैठक में पुनः प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त हेमंत सती ने जिले के सभी विभागीय अध्यक्षों को आदेश दिया कि वे अपने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का नियमित अपडेट सुनिश्चित करें। इसके तहत कर्मचारियों को अपनी सेवा इतिहास, पदोन्नति, प्रशिक्षण, स्थानांतरण, अवकाश और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी समय-समय पर सही रूप में दर्ज करनी होगी। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की सटीक रिकॉर्डिंग और प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की समीक्षा करें और कोई भी अपूर्ण या गलत जानकारी तुरंत सुधारें।विशेष रूप से, जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के लिए 27 अगस्त को प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का आदेश दिया गया। यह प्रशिक्षण सत्र कर्मचारियों को स्थापना से संबंधित कार्य प्रणाली, फाइल प्रबंधन और कार्यालय संचालन से अवगत कराने हेतु आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाना और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हाइवा को पीछे से टक्कर मारी चलक गंभीर रूप से घायल



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा बरहेट मुख्य पथ पर पीएचईडी कार्यालय के समीप देखने को मिला है। इस बाबत पीएचईडी कार्यालय के समय जहां पूर्व से खड़े हाईवा में तेज रफ्तार ओवरलोड ड्रस्ट लदा 407 वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर दे मारी जिससे 407 वाहन का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया चालक केबिन में ही फंस गए। इसकी जानकारी मिलने के उपरांत ही रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव के निर्देश पर थाना एएसआई दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और संबंधित ट्रक ओनर सहित अन्य के द्वारा जेसीबी कटर मशीन के माध्यम से केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला गया।और तत्काल ही अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया।जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा गंभीर रूप से चोटील चालक रांगा थाना क्षेत्र के केंदुआ निवासी रफीक शेख उम्र 30 वर्ष पिता बहारूल शेख को प्रारंभिक चिकित्सा के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया है।जानकारी के मुताबिक बरहरवा बरहेट मुख्य पथ पर पीएचईडी कार्यालय के समीप पूर्व से तकनीकी खराबी के कारण हाईवा संख्या एन एल 01एल 0783 खड़ी थी।वही ओवरलोड ड्रस्ट लदा वाहन मोदी कोला की ओर से बरहरवा की ओर काफी तेज रफ्तार में आ रहे थे।

## मुफस्सिल थाना प्रभारी का किया स्वागत



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कौसर आलम ने मुफस्सिल थाना थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय को गुलदस्ता देकर स्वागत किया.इस दौरान युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने मुफस्सिल थाना प्रभारी से क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था कैसे हो इस पर विचार विमर्श किया।वहीं थाना प्रभारी ने बताया की क्षेत्र में अपराध करने वाले अपराधी को किसी भी कीमत में छोड़ नहीं जाएगा.उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश रहेगा और अपराधियों को क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा वही उन्होंने क्षेत्र के लोगों अपील करते हुए कहां की ग्रामीण किसी भी समस्या को लेकर बेहिचक उनसे मिल सकते हैं।

## हाईटेंशन तार के संपर्क में आया युवक हुआ घायल

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा चौक में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मजदूर 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। हादसे में गुमानी प्लासबोना कोटलपोखर थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय मिठून शेख गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिठून शेख यहां पक्की नाला निर्माण कार्य में मजदूरी करने आया था। इसी क्रम में वह छड़-सिमेंट लाने के लिए उधवा चौक स्थित बियोन स्टील नामक दुकान पर पहुंचा। ट्रैक्टर की ट्रॉली पर चढ़कर जब वह सरिया लोड कर रहा था।तभी सरिया ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार से टकरा गया। करंट लगते ही मजदूर धड़ाम से ट्रॉली पर गिर पड़ा और उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे पास के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है। दुकान के संचालक मो. बियोन ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि 11 हजार वोल्ट का तार जमीन से बेहद कम ऊंचाई पर लटका हुआ है। इसे हटवाने और ऊंचा करने के लिए विभाग को कई बार लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। नतीजा यह हुआ कि मजदूर की जान पर बन आई।स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि इस स्थान पर पहले भी दो बार ऐसे ही हादसे हो चुके हैं, लेकिन विभाग की चुप्पी बनी हुई है।

## जानलेवा हमले का आरोपी गया जेल

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के भूदेव टोला गांव के एक युवक पर जान मारने की नियत से चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भूदेवटोला निवासी उत्पल कुमार साहा 28 ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। शिकायत के आधार पर राधानगर थाना में कांड संख्या 330/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है। कि मिर्जा नगर गांव के आरोपी अजय मंडल और एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर जान मारने की नीयत से चाकू से हमला किया।

## जीरो टॉलरेंस की नीति पर नशामुक्त देवघर बनाने की दिशा में करें कार्य : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीले पदार्थों के व्यापार को रोकने के उपायों पर चर्चा करने के लिए नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकनाथ तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने के उद्देश्य से 4 ळी१ छीऽी' ठं१ूङ्क उङ्कङ्कथ्ल्लिं३ङ्कल्ल डील्ल३१ी (ठउडफ्ळ) टीॅल्ल२े के गठन का आदेश निर्गत किया गया है, जिनमें से जिलास्तरीय कमिटि का गठन कर प्रत्येक माह बैठक कर ळी१२ ङ्का फीी१ल्लीू के अनुरुप समीक्षोपरान्त कार्यवृत तैयार किया जाना है। ऐसे में देवघर जिला अन्तर्गत ऐसे मामलों के रोकथाम को लेकर जिलास्तरीय कमिटि का गठन किया गया है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक संयोजक सदस्य, अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर सदस्य, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सदस्य, जिला



शिक्षा पदाधिकारी, सदस्य, जिला शिक्षा अधीक्षक, सदस्य, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सदस्य, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदस्य, जिला कृषि पदाधिकारी, सदस्य, जिला औषधी निरीक्षक को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने स्कूलों और कॉलेजों में नियमित जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। आगे सड़क सुरक्षा अभियान से नशामुक्ति अभियान को जोड़ते हुए युवा छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के अलावा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली चुनने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने और समाज में नशीली दवाओं के खतरे के नकारात्मक प्रभाव के बारे में जनता को जागरूक करने के उदेश्य से नशामुक्त देवघर अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित विभाग के साथ पुलिस विभाग को हॉटस्पॉट की सूची की पहचान करने का निर्देश दिया गया, ताकि सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए उचित उपाय किए जा सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस विभाग को नशीली दवाओं के प्रसार, खपत के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने और इस दिशा मे आवश्यक कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गयी, ताकि जिलास्तरीय कमिटि द्वारा इस दिशा में बेहतर तरीके से कार्य किया जा सके।

इसके अलावे बैठक के दौरान जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीले पदार्थों के व्यापार को रोकने के लिए विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपायुक्त ने आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया, ताकि आपसी समन्वय के साथ इस दिशा में बेहतर तरीके से कार्य किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने जिरो टॉलरेंस की निति पर नशामुक्त देवघर बनाने की दिशा में कार्य करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग, अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर, गोपनीय प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# पीकेएल 12 : दबंग दिल्ली केसी के कप्तान बने आशु मलिक

एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 12 में दबंग दिल्ली केसी एक बार फिर नई ऊर्जा के साथ उतरने को तैयार है। टीम ने पिछले सीजन की तरह इस बार भी युवा रेडर आशु मलिक को कप्तान बनाए रखने की घोषणा की है। आशु सीजन 11 में टॉप स्कोरर थे। सिर्फ 22 साल की उम्र में ही आशु ने लगातार शानदार प्रदर्शन और परिपक्व नेतृत्व क्षमता दिखाई है। दिल्ली की टीम पिछले छह सीजनों से लगातार प्लेऑफ तक पहुंची है और इस बार भी आशु की अगुवाई में खिताब जीतने की उम्मीद कर रही है। टीम के सीईओ प्रशांत मिश्रा ने कहा, ह्ययह सीजन हमारे लिए बेहद अहम है। लगातार छह बार प्लेऑफ तक पहुंचने के बाद अब हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है। इसके लिए मजबूत नेतृत्व की जरूरत होती है और आशु ने खुद को इस भूमिका के लिए साबित किया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्य कोच जोगिंदर नरवाल ने भी आशु पर भरोसा जताते हुए कहा,ह्वआशु मलिक ने पिछले सीजन में लगातार टीम को आगे बढ़ाया और एक अच्छे लीडर के रूप में खुद को स्थापित किया। इस बार हमारा लक्ष्य सिर्फ प्लेऑफ तक सीमित नहीं है बल्कि चैंपियनशिप जीतना है।ह्व दबंग दिल्ली केसी अपना पहला मुकाबला 2 सितंबर को बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ खेलेगी। आशु मलिक की कप्तानी में टीम इस सीजन में नई ऊर्जा और जीत के जज्बे के साथ मैदान में उतरेगी।

# लीग्स कप 2025: सुआरेज के दो गोलों से इंटर मियामी की जीत

एजेंसी

**मियामी :** इंटर मियामी ने अपने स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दम पर लीग्स कप क्वार्टर फाइनल में टाइग्रेस यूएएनएल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। 38 वर्षीय उरुग्वे स्ट्राइकर ने दोनों हाफ में पेनल्टी पर गोल दागे और लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी में टीम के लिए हीरो बने। मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मुकाबले से बाहर रहे। हालांकि, वे 2 अगस्त को चोटिल होने के बाद पिछले हफ्ते लॉस एंजिलिस गैलेक्सी के खिलाफ लौटे थे और सब्सटीट्यूट के रूप में उतरकर गोल भी किया था। लेकिन क्वार्टर फाइनल में कोच ने उन्हें आराम देने का फैसला किया। मैच का पहला गोल 20वें मिनट में आया जब टाइग्रेस डिफेंडर जेवियर एक्विनो के हैंडबॉल पर रेफरी ने पेनल्टी दी और सुआरेज ने इसे गोल में बदल दिया। इसके बाद मैदान पर गरमा-गरमी भी देखने को मिली, लेकिन सुआरेज ने साथी खिलाड़ियों को शांत किया। हाफटाइम पर इंटर मियामी के कोच जेवियर माशेरानो को रेफरी से बहस करने पर लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। 67वें मिनट में एंजेल कोरिया ने दो डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दागकर टाइग्रेस को बराबरी दिलाई। लेकिन 87वें मिनट में एक बार फिर एक्विनो के हाथ से गेंद लगने पर पेनल्टी मिली और सुष्टश्ी९ ने गोलकीपर नहुएल गुजमान को धोखा देते हुए दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। इंटर मियामी ने 2023 में मेसी के पहले टछ्र सीजन में लीग्स कप जीता था और अब टीम खिताब दोबारा हासिल करने की राह पर है। लीग्स कप के इस दौर के अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में टोलुका बनाम ऑरलैंडो सिटी, एलए गैलेक्सी बनाम पाचुका और सिएटल साउंडर्स बनाम प्यूब्ला के मैच खेले जाने हैं। ट्रॉफी के अलावा इस टूनार्मेंट से कॉनकाकाफ चैंपियंस कप का टिकट भी दांव पर है। दोनों फाइनलिस्ट और तीसरे स्थान का विजेता इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के लिए क्वालिफाई करेंगे, जबकि लीग्स कप चैंपियन सीधे चैंपियंस कप के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश पाएगा।



# 'खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025' में उतरेगा देश का युवा जोश, मप्र के खिलाड़ी भी ले रहे भाग

एजेंसी





**भोपाल :** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर की शान मानी जाने वाली डल झील अगले तीन दिनों तक खेल और उत्सव के रंगों में रंगी रहेगी। इस ऐतिहासिक और खूबसूरत झील में आज गुरुवार से शुरू हुआ पहला ह्लखेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल-2025ह्व न केवल खिलाड़ियों के हुनर की परीक्षा है, बल्कि जल क्रीड़ाओं को नई पहचान देने का भी प्रयास है। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश के कोने-कोने से आए करीब 400 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट जैसी स्पधाएं झील की लहरों पर खिलाड़ियों की ताकत और संतुलन की कहानी लिखेंगी। शिकारा स्प्रिंट को डेमो खेल के रूप में रखा गया है, जो कश्मीर की सांस्कृतिक पहचान को खेल के मंच पर भी प्रदर्शित करेगा।

**मध्य प्रदेश का 54 सदस्यीय दल शामिल**

इस आयोजन में मध्य प्रदेश का 54 सदस्यीय दल भी शामिल है, जिसमें 44 खिलाड़ी और 10 सहयोगी स्टाफ हैं। प्रदेश के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में रोइंग और क्याकिंग-केनोइंग स्पधाओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दल का नेतृत्व वॉटर स्पोर्ट्स रोइंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक दलबीर सिंह कर रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र के खिलाड़ियों को लेकर कहा है कि उन्?हें उम्मीद है कि खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाएँगे।

**खेल और पर्यटन का अनोखा संगम**

डल झील का नाम सुनते ही पर्यटकों की आंखों के सामने शिकारे और हाउसबोट की तस्वीर उभर आती है। झील की यही पहचान अब खेलों के नए इतिहास से जुड़ रही है। इस आयोजन से जहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं जैसा अनुभव मिलेगा, वहीं पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा।

# महिल द हंड्रेड: सुपरचार्जर्स ने लंदन स्पिरिट को 8 विकेट से हराया

एजेंसी



**लॉर्ड्स :** महिला द हंड्रेड टूनामेंट में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में फीबी लिचफील्ड की तूफानी अर्धशतकीय पारी और एनेबल सदरलैंड के ऑलराउंड प्रदर्शन (3/20 और नाबाद 29 रन) की बदौलत नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने लंदन स्पिरिट को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ सुपरचार्जर्स ने इस सीजन में अपनी चौथी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने उतरी लंदन स्पिरिट की शुरूआत खराब रही। केट क्रॉस और ग्रेस बैलिंजर ने शुरूआती झटके दिए। जॉर्जिया रेडमेन (21 रन) ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पाया। निकोल कैरी और एनेबल सदरलैंड ने मिलकर पांच विकेट चटकाए, वहीं बैलिंजर ने भी दो विकेट झटके। हालांकि, इजी वोंग (24 रन) और चार्ली डीन ने 33 रन की अहम साझेदारी की, लेकिन दोनों धीमी गति से खेलते हुए टीम को केवल 90/8 तक ही पहुंचा पाईं। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरचार्जर्स को शुरूआत में झटका जरूर लगा जब रेबेका टायसन ने दोनों ओपनरों को सस्ते में पवेलियन भेजा। लेकिन इसके बाद लिचफील्ड और सदरलैंड ने कोई और मौका नहीं दिया। लिचफील्ड ने वोंग के एक ओवर में लगातार तीन चौके जमाकर लय पकड़ी और फिर आक्रामक खेल जारी रखा। सदरलैंड ने संयमित पारी खेलते हुए बीच-बीच में बड़े शॉट लगाए और वोंग की गेंद पर शानदार छक्का भी लगाया। आखिरकार, लिचफील्ड (नाबाद 55 रन) ने 66वीं गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड:**

लंदन स्पिरिट झ्र 90/8 (100 गेंदों में) झ्र जॉर्जिया रेडमेन 21, इजी वोंग 24; एनेबल सदरलैंड 3/20, ग्रेस बैलिंजर 2/12।
नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स झ्र 93/2 (66 गेंदों में) झ्र फीबी लिचफील्ड 55*, एनेबल सदरलैंड 29*; रेबेका टायसन 2/6
नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स 8 विकेट से विजयी



# मुझे राजनीति में दिलचस्पी नहीं, पर अगर पावर मिला तो इंडस्ट्री का स्टार सिस्टम बदल दूंगी

**बॉलीवुड में अपने तीन दशक लंबे शानदार सफर में ट्रेन टू पाकिस्तान से लेकर स्पेशल 26, दिल्ली 6, भाग मिल्खा भाग जैसी कई यादगार फिल्में करने वाली नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस दिव्या दत्ता ने पहली बार तेलुगु सिनेमा की ओर रुख किया है। इन दिनों वह अपनी तेलुगु सीरीज मायासभा को लेकर चर्चा में हैं। सीरीज में एक नेता की भूमिका निभा रहीं दिव्या से खास बातचीत**

**हिंदी फिल्मों में तीस साल के शानदार सफर के बाद तेलुगु सिनेमा की ओर रुख करने का ख्याल कैसे आया? वैसे, इन दिनों पैन इंडिया सिनेमा का दौर चल रहा है। इस बदलाव को कैसे देखती हैं?**

असल में, मैं बहुत समय से चाह रही थी कि तेलुगु में कुछ काम करूं। जब मैं शुरू-शुरू में आई थी, तब मुझे तेलुगु फिल्मों के बहुत ऑफर आते थे पर किसी न किसी वजह से मैं वह नहीं कर पाई, मगर मन में यह रह गया कि तेलुगु सिनेमा तो जरूर करना है। इसलिए, जब मायासभा का ऑफर आया, जिसमें बेहतरीन कहानी, बहुत उम्दा किरदार, अच्छा डायरेक्टर, सब मिश्रण मिला तो मैंने हां कर दिया, क्योंकि अगर मैं इतने सालों बाद कुछ नया कर रही हूं तो वह उस लायक होना चाहिए। रही बात पैन इंडिया की, तो जब हम छोटे थे, तब भी ऐसा होता था कि बच्चन साहब और रजनीकांत सर एक साथ काम करते थे, चाहे वो फिल्म हम हो या अंधा कानून। अब यह दौर फिर लौटा है, जिसमें अलग-अलग भाषाओं के सिनेमा के बीच अच्छा संबंध बन रहा है।

**आपको फिल्म इरादा में नेता के किरदार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था, इस सीरीज में आप फिर एक नेता के किरदार में हैं। हालांकि, आम तौर पर आप सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों में ज्यादा खुलकर राय जाहिर करती नहीं दिखती?**

मैं जिन चीजों के बारे में बहुत मजबूती से महसूस करती हूं, जिसके बारे में मुझे लगता है कि बोलना चाहिए, उसके बारे में बहुत मुखर तरीके से बोलती हूं। जैसे, पर्यावरण को लेकर मुझे बहुत महसूस होता है। उसके बारे में मैंने कविता भी लिखी है। इस मुद्दे पर मैं हर जगह बोलती भी हूं कि इंसान, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों सबको साथ में को-एग्जिस्ट करना चाहिए। लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐक्टर होने के नाते हमारा हर मुद्दे पर राय देना या बोलना जरूरी है।

**आपको खुद राजनीति में कितनी रुचि है? अगर आपके पास पावर हो तो इंडस्ट्री में क्या चीज बदलना चाहेंगी?**

मुझे पॉलिटिक्स में कोई रुचि नहीं है, लेकिन अगर मेरे पास पावर हो तो मैं इंडस्ट्री का स्टार सिस्टम बदल दूंगी। आप ओटीटी पर स्कैम देखें या पंचायत देखें, वे किरदार हमें सिर्फ किरदार लगते हैं, लगता ही नहीं कि वे एक्टर हैं। इसलिए, चाहे स्टार हो, एक्टर हो या न्यूकमर हो, मेरे हिसाब से किरदार को जो सूट करता है, उसे ही कास्ट करना चाहिए।

**आपने सिनेमा से लेकर ओटीटी तक पर कई यादगार किरदार किए हैं। कई करैक्टर और सहयोगी भूमिकाओं में भी छाप छोड़ी है। आपके जेहन में कभी वो बॉलिवुड हीरोइन या स्टार बनने का ख्याल नहीं आया?**

मैं स्टार हूं। मैं स्टार एक्टर हूं। मैं अपने तरह की स्टार हूं, जिसकी वजह से मुझे अपनी तरह का प्यार मिलता है और बहुत ही खूबसूरत रोल मिलते हैं। उसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। ऑडियंस के दिलों में जो मेरी जगह है, वो बहुत ही खूबसूरत है। मुझे कहीं कुछ बदलना नहीं है। मेरी सोच सिर्फ ये होती है कि मैं फिल्म का बेस्ट पार्ट करूं। मेरे छोटे रोल भी आप देखेंगी, तो वे मैंने इसलिए किए, क्योंकि शायद उस प्रॉजेक्ट का बेहतरीन रोल वही था। मेरी सोच यही रहती है कि मुझे बेस्ट रोल चाहिए। उस मामले में मैं बहुत भुक्खड़ एक्टर हूं कि ये वाला रोल ऑडियंस अपने घर लेकर जाएगी तो करेंगे, नहीं तो नहीं करेंगे। अब वो क्या रोल है, उससे मुझे फर्क नहीं पड़ता।

**ऑन और ऑफ स्क्रीन औरतों की स्थिति में कितना बदलाव महसूस करती हैं?**

सबसे ज्यादा बदलाव आया है और वह बदलाव आपको सेट पर दिखता है। आज हर विभाग में आपको महिलाएं दिखेंगी, चाहे कैमरा हो, डायरेक्शन, कॉस्टयूम, मेकअप हर जगह पर अब लड़कियां हैं। पहले नहीं होती थीं और यह बदलाव इतने सहज तरीके से धीरे धीरे हुआ है कि हमें अहसास भी नहीं होता, मगर इन बदलावों का स्वागत होना चाहिए। इसी तरह, पर्दे पर भी आप देखें कि कितनी सारी कहानियां महिलाओं पर बनाई जा रही हैं। अब वे ऑब्जेक्टिफाई नहीं हो रही हैं कि एक हीरोइन है, एक वैंप है, एक कॉमेडियन है। आज हर तबके के एक्टर को उनका हक मिल रहा है, जो बहुत बड़ा बदलाव है।



# 'एस्पिरेंट्स' के सनी हिंदुजा अब बने आईएसआई एजेंट

पॉपुलर वेब सीरीज एस्पिरेंट्स का संदीप भैया का किरदार आज भी ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बनाए हुए है। इस किरदार को निभाने वाले अभिनेता सनी हिंदुजा अब एक नए रोल में नजर आएंगे। वो वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के किरदार में दिखेंगे।

बातचीत में सनी हिंदुजा ने कहा एक्टर होता है तो भूखा होता है, मतलब हमेशा अच्छे रोल्स का इंतजार करता रहता है। मैं भी उसी कड़ी में हूं। अच्छे राइटर्स, अच्छे मेकर्स और अच्छे प्लेटफॉर्म्स के लिए इंतजार करना पड़ता है।

लोगों का प्यार गहरा होता है, भले नाम न जानें एक्टर ने आगे कहा कि ट्रोलर्स के जो चुटकुले बनते हैं, उन्हें देखकर लगता है कि लोगों की मोहब्बत कितनी गहरी है। भले वे मेरा नाम भी सही से न जानते हों। कोई मुझे संदीप भैया बुलाता है, कोई 'सनी' ही समझ लेता है। अब कुछ लोग मुझे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट समझ बैठे हैं, मजाक अलग है लेकिन ये भी एक तरह का प्यार ही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी ऐसा महसूस हुआ कि उन्हें वह रोल नहीं मिला जिसकी वे हकदार थे और क्या वे अभी भी उस खास मौके का इंतजार कर रहे हैं। इस पर सनी ने जवाब देते हुए कहा कि सच्चाई ये है कि मैं आज जिस पोजीशन पर हूं, वह बहुत खास है। इतना प्यार मिलता है कि मेरा पैशन और प्रोफेशन दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। अगर ये मुझे नहीं मिला होता, तो मैं बस एक्टिंग करता रहता, लेकिन इतनी जल्दी प्यार और पहचान मिलना मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है।

**हर किरदार में देना चाहिए सर्वश्रेष्ठ**

सनी ने यह भी बताया कि एक्टिंग में सही स्क्रिप्ट, टीम और रोल मिलना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब आपको अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है और रोल में जान डालने का मौका मिलता है, तो आपको वह काम पूरे दिल से करना होता है। चाहे वह आईएएस बनने की कोशिश कर रहा संदीप भैया हो या एक जासूस जैसा पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट, हर किरदार में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है।

# आगामी फिल्म में वायुसेना पायलट की भूमिका निभा सकते हैं कार्तिक आर्यन

अभिनेता कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे आगामी फिल्म कैप्टन इंडिया में वायुसेना पायलट की भूमिका निभाते दिखेंगे। कार्तिक आर्यन के हाथ निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म लगी है, जिसमें वे पायलट का रोल करेंगे।

शिमित अमिन के साथ कार्तिक आर्यन की यह पहली फिल्म होगी। बता दें कि शिमित को अब तक छप्पन और चक दे! इंडिया जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक और शिमित पिछले एक साल से बातचीत कर रहे थे। दोनों के बीच कई विषयों पर बातचीत चल रही थी। इसी बीच शिमित ने कार्तिक को कैप्टन इंडिया के बारे में बताया। उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी।

**2026 में शूटिंग शुरू होने की संभावना**

सूत्र ने आगे कहा, शिमित ने कैप्टन इंडिया के लिए एक शानदार स्क्रीनप्लेय तैयार किया है। वे 2026 की पहली छमाही में कार्तिक के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। शिमित ने जब कार्तिक को फिल्म की कहानी सुनाई, तो एक्टर को भी स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है।



# हिमाचल में लगातार चार दिन भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी, 345 सड़कें व नेशनल हाईवे बंद

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मानसून की भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। नदी-नाले उफान पर हैं और भूस्खलन के कारण एक नेशनल हाईवे सहित 345 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग ने 23 से 26 अगस्त तक भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 20 जून से अब तक 280 लोगों की मौत हो चुकी है और 2,281 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार कल 22 अगस्त को गरज-चमक के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट है। इसके बाद 23 से 26 अगस्त तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश का आरेंज अलर्ट रहेगा, जिसमें लोगों को सतर्क रहने और विशेषकर नदी-नालों तथा



भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है। 27 अगस्त को फिर से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक उना जिले में सर्वाधिक 132 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि नंगल डैम में 101 मिलीमीटर, बिलासपुर के नैना देवी में 54, हमीरपुर के सुजानपुर टीहरा में 53, ओलिंडा में 44, अंब में 42, नादौन में 41 और रायपुर मैदान में 30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान कांगड़ा, सुंदरनगर और मुरारी देवी क्षेत्रों में तेज अंधड़ भी आया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार सुबह तक प्रदेश में मंडी जिले में 178, कुल्लू जिले में 104 और कांगड़ा जिले में 21 सड़कें बंद रहीं। कुल्लू जिले का नेशनल हाईवे 305 भी कई स्थानों पर अवरुद्ध रहा। इसके अलावा राज्य भर में कुल 327 बिजली ट्रांसफार्मर और 130 पेयजल स्कीमें भी ठप पड़ी हैं। कुल्लू जिले में सर्वाधिक 196 ट्रांसफार्मर खराब हुए जबकि मंडी में 69 और हमीरपुर में 38 ट्रांसफार्मर बाधित रहे। पेयजल आपूर्ति भी मंडी में 60 और कुल्लू में 56 स्कीम बंद होने के कारण प्रभावित हुई है।

### मॉनसून ने दिए गहरे जख्म, 280 लोगों की गई जान, 37 लापता, 2,791 मकान क्षतिग्रस्त

प्रदेश में इस बार के मॉनसून ने भारी तबाही मचाई है। 20 जून से शुरू हुए मानसून सीजन में अब तक 280 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 लोग लापता और 342 घायल हो चुके हैं। मृतकों में मंडी के 48, कांगड़ा के 47, चंबा के 35, शिमला के 26, किन्नौर के 25 और कुल्लू के 24 लोग शामिल हैं। इस दौरान 2,791 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 635 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। 385 दुकानें और 2,527 पशुशालाएं भी नष्ट हुई हैं। बारिश और भूस्खलन के कारण अब तक 1,803 पशु तथा 25,755 पोल्ट्री पक्षियों की मौत हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की दैनिक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश को अब तक इस मानसून में कुल 2,281 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें लोक निर्माण विभाग को 1,264 करोड़ और जलशक्ति विभाग को 753 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

### राजस्थान के 28 जिलों में बारिश का अलर्ट

**जयपुर :** राजस्थान में एक बार फिर मानसून ने रफ्तार पकड़ी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 28 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। जयपुर और कोटा में बुधवार शाम से शुरू हुई बारिश गुरुवार को भी रुक-रुक कर जारी रही। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने तात्कालिक चेतावनी जारी करते हुए कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। इसके तहत जयपुर, अजमेर, नागौर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, टोंक, बूंदी, बारां, कोटा और झालावाड़ सहित कई जिलों में मेघगर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। इधर बुधवार को दोपहर बाद जयपुर, टोंक, भीलवाड़ा, करौली, भरतपुर, अजमेर और पाली सहित कई जगह हल्की बरसात हुई। झालावाड़ में दो इंच पानी बरसा। जयपुर में शाम को हुई बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली।

## मुख्यमंत्री की आज बैक टू बैक बैठकें, कई परियोजनाओं का करेंगे भूमिपूजन, युवाओं को देंगे सौगात

एजेंसी

**भोपाल :** राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ( गुरुवार को ) बैक-टू-बैक बैठकों और कार्यकर्मों में व्यस्त रहेंगे। मुख्यमंत्री आज युवाओं को सौगत देंगे। इसके साथ ही करोंड़ो की परियोजनाओ का भूमिपूजन करेंगे। सीएम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। साथ ही प्रदेश स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 11 बजे वे ग्रामीण नल जल प्रदाय योजनाओं के संचालन और संधारण की नीति के प्रारूप पर प्रस्तुतीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री कुशाभाऊ ठाकरे हॉल पहुंचेंगे, जहां वे अमृत 2.0 परियोजनाओं के तहत 74 जल संरचनाओं के नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन परियोजनाओं की लागत लगभग 50 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही, वे युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1:30 बजे 74 बंगले पहुंचेंगे, जहां वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। दोपहर 2:10 बजे मुख्यमंत्री मंत्रालय पहुंचेंगे, जहां वे मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। शाम 4:30 बजे मुख्यमंत्री जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे।

### औरैया में झमाझम बारिश से गर्मी से राहत, किसानों की फसलें लहराईं

**औरैया :** जनपद में गुरुवार की सुबह से ग्रामीण इलाके में हो रही झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत दी है। पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी के साथ चिलचिलाती धूप और उमस ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया था। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और भी खराब थे। बिजली कटौती और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया था। ऐसे में सुबह से शुरू हुई बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। बारिश से जहां लोगों को उमस और तपन से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए भी यह संजीवनी साबित हो रही है। क्षेत्र के अधिकांश खेतों में बाजरे और धान की फसलें खड़ी हैं। समय पर हुई यह बारिश इन फसलों के लिए बेहद लाभकारी है। किसानों का कहना है कि बाजरे की फसल को इस समय पानी की सख्त जरूरत थी। वहीं धान की रोपाई वाले खेतों में भी पानी की कमी से परेशानी हो रही थी, लेकिन बारिश ने सारी कमी पूरी कर दी है। गांवों में किसानों को उम्मीद है कि इस बारिश से उनकी पैदावार में अच्छी बढ़ोतरी होगी। वहीं मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों में रुक-रुक कर बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

## भाद्रपद अमावस्या में चित्रकूट के लिए चलेंगी दो मेला स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी

**महोबा :** जनपद चित्रकूट में आयोजित होने वाले भाद्रपद अमावस्या मेले में शामिल होने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को यातायात की बेहतर सुविधा के लिए रेलवे की ओर से शुक्रवार 22 से 25 अगस्त तक दो मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। ट्रेनों के संचालन की समयसारिणी जारी कर दी गई है। साथ ही झांसी-बांदा मेमू को चित्रकूटधाम कर्वी तक आवश्यकतानुसार विस्तारित किया जाएगा। उत्तर-मध्य रेलवे झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक मेला स्पेशल ट्रेन झांसी रेलवे स्टेशन से सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर प्रस्थान करेगी जो बेलाताल स्टेशन पर 12.15 बजे, कुलपहाड़ में 12.35 बजे व



महोबा स्टेशन पर 1.30 बजे आएगी जबकि चित्रकूटधाम कर्वी स्टेशन शाम 5.45 बजे पहुंचेगी। चित्रकूटधाम कर्वी से यह ट्रेन 7 बजकर 25 मिनट पर प्रस्थान करेगी जो कि महोबा स्टेशन पर रात 9.50 बजे, कुलपहाड़ स्टेशन पर 10.11 बजे व बेलाताल स्टेशन पर 10.20 बजे होते हुए रात में एक बजे झांसी स्टेशन पहुंचेगी। दूसरी मेला स्पेशल ट्रेन झांसी रेलवे स्टेशन से रात 8 बजकर 10 मिनट पर चलेगी जोकि बेलाताल स्टेशन पर 8.50 बजे, कुलपहाड़ में 11 बजे और महोबा स्टेशन पर 11 बजकर 40 मिनट पर आएगी। इस ट्रेन का चित्रकूटधाम कर्वी पहुंचने का समय सुबह 3 बजकर 05 मिनट है। वापसी में यह ट्रेन चित्रकूटधाम कर्वी से सुबह 4 बजकर 40 मिनट पर चलेगी जोकि महोबा स्टेशन पर सुबह 7.45 बजे, कुलपहाड़ स्टेशन स्टेशन पर 8.06 बजे व बेलाताल स्टेशन पर 8.15 बजे आएगी। इस ट्रेन का झांसी पहुंचने का समय सुबह 11 बजकर 10 मिनट है।

## वाराणसी में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 26 आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में शेयर बाजार में निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर चला रहे एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। गिरोह के सरगना समेत कुल 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी क्राइम सरवणन टी और एडीसीपी अपराध नीतू कादयान ने संयुक्त रुप से बताया कि जिले के सिगरा चौराहे के पास स्थित एक बहुमंजिला इमारत में फर्जी कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। इस सूचना पर पुलिस की साइबर सेल, साइबर थाना, लक्सा और सिगरा थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने छापेमारी की और मौके से



26 आरोपितों को दोबच लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में प्रमुख रूप से भरतपुर, कोरिया (छत्तीसगढ़) निवासी कृष्ण कुमार, भैरोपुर खानपुर गाजीपुर निवासी धनंजय चौहान, गणेशपुर शिवपुर वाराणसी निवासी दिव्याशु उपाध्याय, मोहनिया कैमूर (बिहार) निवासी चंदन पांडेय और दुबेपुर माफी चकिया (चंदौली) निवासी प्रखर दुबे सहित अन्य 21 अंतरराज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि फर्जी काल सेंटर को भी सीज कर दिया गया है। पूछताछ में गिरोह में शामिल अंतरराज्यीय साइबर ठगों ने बताया कि वे देशभर में लोगों को कॉल कर निवेश और शेयर बाजार में तगड़ा मुनाफा दिलाने का झांसा देते थे। लोगों से बड़ी रकम निवेश कराई जाती थी और शुरूआत में उन्हीं के पैसों से आंशिक मुनाफा दिखाया जाता था। कुछ समय बाद बाजार में नुकसान का बहाना बनाकर उनका पूरा पैसा हड़प लिया जाता था। कुछ मामलों में तो डराने-धमकाने की भी कोशिश की जाती थी। उल्लेखनीय है कि तीन महीने पूर्व सीबीआई की दिल्ली टीम ने भी वाराणसी में इसी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया था। पुलिस टीम अब आरोपितों के नेटवर्क, बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजेक्शंस की जांच कर रही है ताकि पीड़ितों की संख्या और ठगी गई कुल रकम का पता लगाया जा सके।

### चार हजार सिलाई मशीन वितरित करने में जुटे बीटीसी के ईएम सजल सिंह

एजेंसी

**कोकराझार (असम) :** बोड़ोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) परिषद के चुनावों की अधिसूचना की घोषणा के पूर्व बोड़ोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के उद्योग और वाणिज्य विभाग के कार्यकारी सदस्य सजल कुमार सिंह ने प्रशिक्षित 4000 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करने का कार्य बीते मंगलवार की देर शाम से शुरू किया। उन्होंने गुरुवार को गुमा परिषद क्षेत्र के आलोकझार गांव में 270 महिलाओं के हाथों में सिलाई मशीन प्रदान करेंगे। उन्होंने महिलाओं को सिलाई मशीन सौंपते हुए कहा कि औद्योगिकीकरण के लिए विभाग के पास कई योजनाएं हैं लेकिन अंदरुनी इलाकों में लोगों के बीच जागरूकता की कमी के कारण हम सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इतने दिनों से उद्यम और वाणिज्य विभाग से गांव के लोगों को कोई सुविधा नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इस विभाग का नाम तो कई लोगों ने सुना ही नहीं है। लेकिन मैंने इस विभाग के कार्यकारी सदस्य की जिम्मेदारी लेने के बाद छह माह के अंदर इस विभाग को लेकर गांव-गांव में जाकर जनता के बीच जागरूकता पैदा करके इस विभाग के काम-काज के संदर्भ में लोगों को विस्तार से अवगत कराया है। विशेष रूप से व्यवसायी, छोटे और कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमी पुरुष-महिलाओं, मिस्त्री, कुम्हार, कारीगर, शिल्पकार आदि काम से जुड़े लोगों के लिए जो योजनाएं हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### स्कूल बस की टक्कर से शिक्षक की मौत ,परिजनों में कोहराम

**जौनपुर :** जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कूल बस की चपेट में आने से स्कूल पढ़ने वाले अध्यापक की मौत हो गई। मृतक अध्यापक जाफराबाद के केपी इंटर कॉलेज में पढ़ाने के लिए सुबह अपने घर से जा रहे थे।मृतक की पहचान संतोष बरनवाल (60) पुत्र लक्ष्मीकांत बरनवाल निवासी जौनपुर के रूप में हुई है। वह प्रतिदिन की तरह अपने घर से बाइक पर सवार होकर केपी इंटर कॉलेज में पढ़ाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सोलंकी बिल्डिंग मटेरियल अहमदपुर के पास पहुंचे, उसी दौरान बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। संतोष बरनवाल की मौके पर मौत हो गई।मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही करने में जुटी है।घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।इस मामले में जानकारी लेने पर क्षेत्राधिकारी शहर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि बस की टक्कर से शिक्षक की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने भेज दिया है।बस को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### नाजिरा में मवेशी चोरों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक घोड़े की मौत, पांच मवेशी बरामद

**शिवसागर (असम) :** नाजिरा के गेलेकी के कलगांव में बीती रात पशु चोरों का वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। पशु चोर गायों को लग्जरी गाड़ी से लेकर जा रहे थे। इसी बीच गेलेकी पुलिस और मवेशी चोरों का आमना-सामना हो गया। पुलिस को देख मवेशी चोर अपने वाहन को तेज गति से लेकर भागने लगे। अचानक वाहन राजमार्ग पर दो घोड़ों से टकरा गया। इसके बाद वाहन कलगांव की मस्जिद के पास एक घर की दीवार में जाकर टकराया। हादसे में घटनास्थल पर ही एक घोड़े की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घोड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। बिना नंबर प्लेट के दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 5 गायों को बचाया गया। वहीं मवेशी चोरों के साथ एक अन्य भी पीछे-पीछे चल रहा था। घटनास्थल पर बिना नंबर प्लेट के वाहन छोड़कर चालक के साथ मवेशी चोर दूसरे वाहन में सवार होकर फरार हो गये। गाय चुराकर लाए गए बिना नंबर प्लेट के वाहन से पुलिस ने एक मोबाइल फोन बरामद किया है। हालांकि सड़क दुर्घटना का पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### नैनीताल बैंक में उच्च पदों पर भर्ती, आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त

**नैनीताल :** उत्तराखंड के अपने इकलौते वाणिज्यिक बैंक-द नैनीताल बैंक लिमिटेड ने विभिन्न उच्च और विशेषज्ञ पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है। इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी 25 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। बैंक ने बताया है कि इन पदों में मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (आईटी), केंद्रीय आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के लिए सलाहकार, सूचना प्रौद्योगिकी व मानव संसाधन सलाहकार, एसटीसी सलाहकार व आंतरिक लोकपाल शामिल हैं। इनमें से कुछ पद नियमित श्रेणी के हैं जबकि कुछ संविदा पर हैं।

### लंबित डीए को लेकर हिमाचल विधानसभा में हंगामा, भाजपा का वाकआउट

**शिमला :** हिमाचल विधानसभा में गुरूवार को कर्मचारियों और अधिकारियों के लंबित महंगाई भत्ते (डीए) के मुद्दे पर विपक्षी दल भाजपा ने जमकर हंगामा किया और सदन से वाकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति खराब होने का हवाला देते हुए डीए जारी करने में देरी की बात कही, जबकि विपक्ष ने बजट सत्र में मई महीने में डीए जारी करने की घोषणा पर सवाल उठाए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व विपक्ष के सदस्यों - सतपाल सिंह सत्ती और विक्रम ठाकुर ने सरकार पर कर्मचारियों के वादों से मुकरने और लंबित डीए न देने का आरोप लगाया। विपक्ष के सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए 11 फीसदी डीए लंबित है, लेकिन वित्तीय संकट के कारण इसे तत्काल जारी करना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होने के चलते केंद्र से मिलने वाली ग्रांट में भारी कमी आई है। पूर्व सरकार के समय राजस्व घाटे की ग्रांट लगभग 10 हजार करोड़ थी, जो अब घटकर 3200 करोड़ रह गई है। इसके कारण प्रदेश की वित्तीय स्थिति कमजोर हुई है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जैसे ही वित्तीय स्थिति सुधरेगी, लंबित डीए अवश्य जारी किया जाएगा। भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने अपने मूल सवाल में पूछा कि 1 जुलाई 2023 से 11 फीसदी डीए लंबित है, इसे कब जारी किया जाएगा। इसके बाद जयराम ठाकुर ने अनुपूरक सवाल में कहा कि कर्मचारियों की नाराजगी के कारण ही कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, इसलिए उनकी मांगों को पूरा करना सरकार का दायित्व है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस सरकार अपने वादों के प्रति गंभीर है। इसी प्रकार विक्रम ठाकुर ने अनुपूरक सवाल में मुख्यमंत्री पर बजट सत्र में मई में डीए जारी करने की घोषणा के बाद भी उसे नहीं देने का आरोप लगाया और सदन में गलत जानकारी देने का आरोप लगाया। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक होते ही डीए की किश्तें बजट घोषणा के अनुसार दी जाएंगी।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बड़े टेक शेयरों में आई गिरावट की वजह से लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक कमजोरी के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.24 प्रतिशत टूट कर 6,395.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 142.10 अंक यानी 0.67 प्रतिशत



फिसल कर 21,172.86 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.02 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 44,945.90 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 98.92 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,288.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,973.03 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 146.10 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,276.97 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 247.55 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,641 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत फिसल कर 7,906.98 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.36 प्रतिशत टूट कर 25,075 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत लुढ़क कर 1,245.67 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,113.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत उछल कर 4,224.13 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 267.95 अंक यानी 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,893.39 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,159.06 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,779.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## लखपति दीदियों की असाधारण उपलब्धियां, ग्रामीण सड़कें, आवास ने लोगों के जीवन में किया सकारात्मक बदलावः शिवराज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लखपति दीदियों की असाधारण उपलब्धियां, ग्रामीण सड़कें और आवास ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। शिवराज ने गुरुवार को यहां के पूसा में वृहदकर्मचारी संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हरेक दिन, हर क्षण महत्वपूर्ण है और अपनी जनता की जिंदगी को बेहतर बनाने में सभी अपना-अपना योगदान दें। हमारा काम राष्ट्र निर्माण का, सभी इस भावना से काम करें कि आत्मनिर्भर भारत बनाने में एक ईंट मेरी भी लगेगी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग, आईसीएआर और ग्रामीण विकास



मंत्रालय की देश के विकास में अहम भूमिका है। आज अन्न के भंडार भरे हुए हैं, चुनौतियों का मुकाबला करते हुए हम दृढ़ निश्चय से और आगे बढ़ेंगे। हम सभी कृषि उत्पादों में पूरी मेहनत से किसानों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर आत्मनिर्भर हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर कहा- ₹सरकार फाइल में नहीं, जनता की लाइफ में दिखना चाहिए₹, हम इसी दिशा में संकल्पित होकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा नकली खाद-बीज व कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं। शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो लक्ष्य हमें दिए हैं, वे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री के ₹स्वदेशी अपनाओ₹ के आह्वान पर शिवराज ने कृषि एवं ग्रामीण विकास के अधिकारियों-कर्मचारियों को दैनिक जीवन में स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय के कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए।

न्यूज IN ब्रीफ

## रेंजर रवींद्र कुमार के नेतृत्व में सफेद पत्थर लोड पिकअप जप्त, चालक गिरफ्तार



**कोडरमा :** डोमचांच वन विभाग के रेंजर रवींद्र कुमार के नेतृत्व में जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत एचएमटी होटल के नजदीक एक पिकअप वाहन संख्या जेएच 01 सीवी/ 3313 से कीमती सफेद पत्थर लोड एक वाहन को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस बाबत रेंजर रवींद्र कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि शिवसागर की तरफ से एक पिकअप वाहन से कीमती पत्थल की तस्करी करने की सूचना पर टीम वहाँ पहुंची पर वन विभाग की टीम को देखकर पिकअप वहां तेजी से अपने वाहन को भागने लगा इसके बाद विभाग की टीम ने एचएमटी होटल के नजदीक पीछा कर पत्थर लोड पिकअप वाहन को पकड़ा गया तथा उसके चालक फरीद खान, मसरातू गावं जिला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रक मालिक तथा पत्थर लोड करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है पहचान होने के बाद उक्त दोनों के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया जाएगा।

## लोको स्थित राम मंदिर प्रांगण में आज भगवान कृष्ण का छठी मनाया गया



**संवाददाता :** लोको स्थित राम मंदिर प्रांगण में आज कृष्ण अष्टमी के छठे दिन भगवान कृष्ण का छठी हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर नाना प्रकार के व्यंजन और छप्पन भोग लगाए गए । इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नित्यानंद पांडे ने बताया कि राम मंदिर प्रांगण में यूं तो हर त्यौहार काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इसी क्रम में जन्माष्टमी भी काफी धूमधाम से मनाया जाता है और आज भगवान कृष्ण के जन्म के छठे दिन छठी कार्यक्रम काफी धूमधाम और हर्ष के साथ बनाया गया और विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी बनाए गए भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच वितरित भी किए गए विदित हो कि राम मंदिर प्रांगण में आए दिन विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ समय अवसर पर कई पूजन का भी आयोजन किया जाता है कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी काफी प्रसिद्ध है।

## श्री साईं देवस्थान में गुरुवार उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़



**संवाददाता :** चक्रधरपुर स्थित साईमंदिर श्री साईं देवस्थान में प्रत्येक गुरुवार को भक्त जनों और श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ती है यूं तो इस मंदिर में प्रतिदिन भक्त जनों का ताता लगा रहता है किंतु गुरुवार को इस मंदिर में लोगों की भीड़ उमड पड़ती है लोहरदगा से आए नन्हे भक्त अंश उर्फ कान्हा ने साइन मंदिर देवस्थान में साईं नाथ का दर्शन किया।

## हजारीबाग में देह व्यापार में संलिप्त 17 होटल संचालक और कर्मी गए जेल

**हजारीबागः** जिले की पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए देह व्यापार में लिप्त 17 होटल संचालकों को जेल भेज दिया है। वहीं 30 जोड़े युवक युवतियों को पूछताछ के बाद माता-पिता के हवाले कर दिया गया है। पुलिस उन युवक और युवतियों से पूछताछ करेगी कि आखिर इनका आपस में संबंध क्या था। यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि यदि इन दोनों ने पैसों के लेन-देन के जरिए संबंध बनाए हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने सभी होटल संचालकों को चेतावनी भी दी है कि अगर इस तरह का गोरखधंधा कोई भी करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और होटल भी सील किया जाएगा।

हजारीबाग पुलिस ने बीते मंगलवार को शहर के रांची-पटना एनएच-33 पर अवस्थित 6 होटलों और रेस्टोरेंट्स में एक साथ छापेमारी कर अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 30 कपल्स को पकड़ा, जिन्हें बाद में परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया। वहीं, 17 होटल संचालक एवं मैनेजर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। साथ ही इन सभी 6 होटलों को सील कर दिया है। इसमें होटल सिद्धि विनायक, होटल स्पाएसी विला, होटल 2ईट, होटल वर्णिका, होटल 7 डेज, होटल रुकमणी शामिल हैं।

हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि नेशनल हाइवे 33 रांची पटना रोड पर स्थित कुछ होटल में पैसे लेकर केवल यौन गतिविधि के लिए रूम उपलब्ध कराए जाते हैं, वह भी बिना आईडी कार्ड और नाम रजिस्टर में लिखे हुए। होटल मालिक खुद ही कई तरह कॉन्ट्रासेप्टिव भी उपलब्ध कराते थे।

रेकी कर इस सूचना की पुष्टि के बाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में 6 अलग-अलग टीम बनाई गईं। हर टीम में पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी और महिला पुलिस बल को शामिल किया गया। एक साथ छापेमारी करके इन सबको हिरासत में लिया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह का धंधा हजारीबाग के छात्रों और युवाओं पर गलत असर डाल सकता है। यहां आसपास के जिले चतरा, कोडरमा और गिरिडीह से बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई करने आते हैं। हजारीबाग एसपी ने यह भी जानकारी दी कि जिस जिसकी गिरफ्तारी हुई है, उनमें एक सर्वे का काम किया करता था जो सर्वे करके लड़के और लड़कियों को होटल तक पहुंचाने का काम करता था।

# मुख्यमंत्री व कल्पना सोरेन ने रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हवाई मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही रामदास सोरेन के परिवारवालों से भी मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। घोड़ाबांधा पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने रामदास सोरेन की पत्नी और तीनों पुत्रों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और इस इस दुख की घड़ी में सदैव साथ देने की बात कही।

रामदास सोरेन का निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षतिः सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कुछ समय बाद ही रामदास सोरेन का इस तरह चले जाने की पीड़ा मेरे लिए असहनीय है। उनका निधन इस राज्य के लिए और निजी तौर पर उनके लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दोनों के निधन से जो शून्यता आई है उसकी भरपाई नहीं हो सकती।



मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत रामदास सोरेन ने संघर्ष से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड की खातिर हुए आंदोलन में अहम योगदान दिया था। उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था। एक आंदोलनकारी के साथ उनका व्यापक सामाजिक सरोकार था। वे अपने सार्वजनिक जीवन में आम लोगों के दुख-दर्द और समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहे।

मंत्री के रूप में बेहतर कार्य कर रहे थे रामदास

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री के रूप में रामदास सोरेन काफी बेहतर कार्य कर रहे थे। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उन्होंने कई नई पहल की थी। सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा था। गांव-देहात के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उनका समग्र विकास हो इसपर उनका विशेष जोर था।

15 अगस्त को हुआ था मंत्री रामदास का निधन

आपको बता दें कि 15 अगस्त की शाम दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान झामुमो नेता सह झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का निधन हो गया था।

इधर, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद से मुख्यमंत्री व्यस्त रहे। इस कारण वे मंत्री रामदास के निधन पर जमशेदपुर नहीं आ सके थे।

वहीं इस मौके पर रामदास सोरेन के बड़े पुत्र सोमेश सोरेन ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ आवास आए थे और उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की। सोमेश सोरेन ने बताया कि आगे पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसे निभाऊंगा। आम जनता और साथियों के साथ मिलकर पिता के सपने को पूरा करेंगे।

सोनारी एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने किया स्वागत

वहीं जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पहुंचने पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और टाटा स्टील के अधिकारियों ने सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन का स्वागत किया। सोनारी एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सड़क मार्ग से जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित दिवंगत रामदास सोरेन के आवास पहुंचे थे।

# श्याम सुंदर महतो के श्राद्ध कर्म में पहुंचे कई नामचीन हस्ती

संवाददाता

पश्चिम सिंहभूम जिला के प्रख्यात शिक्षाविद एवं मधुसूदन पब्लिक स्कूल का संस्थापक तथा जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम सुंदर महतो के श्राद्ध कर्म में नामचीन हस्तीयों के साथ-साथ काफी संख्या में लोग रहे उपस्थित।

मधुसूदन पब्लिक स्कूल के संस्थापक एवं पश्चिम सिंहभूम जिला में शिक्षा जगत में अपने अतुल योगदान के लिए पहचाने जाने वाले तथा पश्चिम सिंहभूम जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम सुंदर महतो के श्राद्ध क्रम में स्थानीय शासन तालिया स्थित मधुसूदन पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा और श्राद्धकर्म में व्यापक रूप से लोगों के भीड़ उमड़ी परिजन मित्र गण शुभचिंतक शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग राजनीतिक हस्तियों के साथ-साथ सामाजिक संस्था से जुड़े लोगों का भी व्यापक रूप से उपस्थित रही मधुसूदन पब्लिक स्कूल प्रांगण में दोपहर से ही आगंतुकों का आगमन जारी रहा सर्वप्रथम उन्होंने स्वर्गीय श्याम सुंदर महतो के तस्वीर पर श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमनअर्पित करने के पश्चात श्राद्ध क्रम में सम्मिलित हुए झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भगरिया फाउंडेशन के प्रमुख विनोद कुमार भगेरिया समाजसेवी प्रवीर प्रमाणिक सज्जन भगोरिया तरुण कुमार के अलावे अन्य लोग भी काफी संख्या में उपस्थित रहे।






## डॉ राजीव कुमार बने ओएसडी कुलपति



**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में बुधवार को डॉ। राजीव कुमार को कुलपति के विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। कुनुल कंदीर के निर्देश पर रजिस्ट्रार डॉ। राजीव रंजन शर्मा द्वारा अधिसूचना जारी की गई।

जारी पत्र के अनुसार, डॉ। राजीव कुमार को अगली आदेश तक कुलपति के ओएसडी के रूप में कार्यभार सौंपा गया है। डॉ। राजीव वर्तमान में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में सह-प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, साथ ही वे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, डॉ। कुमार ओएसडी एकेडमिक तथा को-ऑर्डिनेटर, बी।एड। एवं एम।एड। के रूप में भी कार्य देख रहे हैं। डॉ। राजीव कुमार को विवि प्रशासनिक क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। वे पूर्व में विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार, वित्त पदाधिकारी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। इस नियुक्ति से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में अधिक मजबूती और सुचारू संचालन की उम्मीद जताई जा रही है।

## अवैध ढिबरा उत्खनन के खिलाफ वन विभाग की छापेमारी कम्प्रेशर मशीन जप्त



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रभारी वनपाल सुजीत कु सोनी के नेतृत्व में ढोढाकोला अंतगर्त नलवा जंगल मे अवैध रूप से ढिबरा उत्खनन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान वन विभाग की टीम ने कम्प्रेशर मशीन को जप्त किया। प्रभारी वनपाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नलवा जंगल स्थित माइंस के समीप ढिबरा का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाया गया ,अभियान के दौरान एक कम्प्रेशर मशीन ( ट्रेक्टर )को जप्त कर कोडरमा वन प्रक्षेत्र कार्यालय लाया गया। मामले को लेकर दो आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि हरे भरे पर्यावरण को ढिबरा माफियाओं द्वारा जंगल को रेगिस्तान बनाया जा रहा है। छापामारी टीम में प्रभारी वनपाल सुजीत कु सोनी के अलावे वनरक्षी पंकज दास, मुकेश कुमार, पूनम राम, रविकांत यादव, पीयूष प्रभाकर आदि मौजूद थे।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों का परिचयात्मक सत्र का हुआ आयोजन

**दुमका :** संताल परगना महाविद्यालय सदैव से ज्ञान, संस्कृति और अनुशासन का केंद्र रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय में प्रतिवर्ष स्नातक स्तर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया जाता है। यह सत्र केवल एक औपचारिकता भर नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक गतिविधियों और विभिन्न अवसरों से अवगत कराने का माध्यम है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। के। पी। यादव ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल पाठ्यपुस्तक ज्ञान का स्थल नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता के



विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जगाने का भी केंद्र है। इसके पश्चात विभिन्न विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने पाठ्यक्रम की संरचना, परीक्षाओं की प्रणाली तथा अनुसंधान एवं अध्ययन की संभावनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तकालय, प्रयोगशाला और ई-लर्निंग सुविधाओं से परिचित कराया गया। सत्र में महाविद्यालय के एन।एस।एस।, एन।सी।सी। तथा सांस्कृतिक मंचों की गतिविधियों के बारे में भी बताया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे केवल पढ़ाई तक सीमित न रहें, बल्कि खेलकूद, साहित्य, कला एवं सामाजिक सेवा में भी सक्रिय भागीदारी करें। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भी नवागंतुकों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय जीवन से जुड़ी अपनी अनुभव-साझेदारी प्रस्तुत की। इससे नए विद्यार्थियों को यह समझने में मदद मिली कि किस प्रकार वे समय प्रबंधन और आत्मअनुशासन के माध्यम से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के मंच संचालन हिंदी विभाग के विद्वान शिक्षक डॉ। यदुवंश यादव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन इतिहास के विद्वान शिक्षक डॉ। कमल शिवकांत हरि द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी को यह संदेश दिया गया कि महाविद्यालय की सफलता तभी संभव है जब प्रत्येक विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारी को समझे और समर्पित भाव से शिक्षा तथा अन्य गतिविधियों में भाग ले। कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी सह रसायन विज्ञान विभाग के डॉ।कुमार सौरभ ने कहा कि यह परिचय सत्र नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक और मार्गदर्शक अवसर सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी इस कार्यक्रम से न केवल महाविद्यालय की सुविधाओं और अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

# लातेहार में नेचुरल पार्क का निर्माण शुरू, ज्ञानवर्धन से लेकर मनोरंजन तक की हो रही है व्यवस्था

संवाददाता

**लातेहारः** जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर वन विभाग के द्वारा नेचुरल पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। यह नेचुरल पार्क पूरी तरह प्राकृतिक होगा। यहां बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक के ज्ञानवर्धन और मनोरंजन की पूरी व्यवस्था की जा रही है। पार्क में बटरफ्लाई गार्डन और रोज गार्डन समेत कई अन्य गार्डन विकसित किए जा रहे हैं।

नेचुरल पार्क निर्माण से होगा स्थानीय लोगों को लाभ

दरअसल, लातेहार जिला प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है, लेकिन उन संसाधनों का सही उपयोग नहीं होने के कारण यह जिला अभी भी काफी पिछड़ा है। लातेहार जिला मुख्यालय में मनोरंजन के साधन का भारी अभाव है। जिला मुख्यालय की इसी कमी को पूरा करने के लिए, वन विभाग ने जिला मुख्यालय के पास में नेचुरल पार्क निर्माण की योजना तैयार की और उसे धरातल पर उतारा जा रहा है।

100 एकड़ भूमि में पार्क का निर्माण

सदर प्रखंड के कोमो और किन्नामाड गांव में वन विभाग की लगभग 100 एकड़ भूमि में पार्क का निर्माण किया जा रहा है। नेचुरल पार्क की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां सब कुछ प्राकृतिक होगा। पार्क में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के मनोरंजन और ज्ञानवर्धन की पूरी व्यवस्था की जा रही है। रोज गार्डन, बटरफ्लाई गार्डन, चिल्ड्रन गार्डन समेत अन्य प्राकृतिक संसाधन विकसित किए जा रहे हैं।

लातेहार डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय के बगल में नेचुरल पार्क विकसित करने की योजना तैयार कर सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसकी मंजूरी मिलने के



बाद, नेचुरल पार्क को विकसित करने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। इस पार्क में सब कुछ पूरी तरह प्राकृतिक रूप से विकसित किया जाना है। रोज गार्डन, बटरफ्लाई गार्डन आदि को विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क आदि बनाए जा रहे हैं। यहां विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों को भी लगाया जाएगा।

डीएफओ ने बताया कि पार्क में मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धन की पूरी व्यवस्था की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को भी रोजगार मिलेगा। इधर लगभग 100 एकड़ जमीन पर पार्क बनाए जाने के बाद ग्रामीणों में भी उत्साह देखा जा रहा है। नेचुरल पार्क पूरा होने के बाद यहां के ग्रामीणों को भी रोजगार के अच्छे अवसर मिल पाएंगे।

नेचुरल पार्क निर्माण से रोजगार के अवसर होंगे तैयार

नेचुरल पार्क के पास कोमो गांव स्थित है। इस गांव के लोगों को पार्क निर्माण के बाद छोटी मोटी दुकान से भी आमदनी होगी। वहीं स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र सिंह और मंगरु उरांव ने बताया कि पार्क निर्माण होने के बाद गांव की रौनक भी बढ़ेगी, जबकि ग्रामीणों का जीवन स्तर भी सुधरेगा।